इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 178 | राजनांदगांव, रविवार 17 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

## 'धर्मेंद्र प्रधान का तुरंत इस्तीफा लें पीएम मोदी या बर्खास्त करें', नीट पेपर लीक पर भड़के राहुल गांधी

नई दिल्ली। पेपर लीक के चलते नीट परीक्षा रद होने के बाद छात्रों के बीच बढ़ती हताशा की घटनाओं को देखते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने जवाबदेही तय करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शिक्षण संस्थानों में सत्ता संरक्षित लोगों द्वारा गठजोड़ कर नीट पेपर लीक को पैसे कमाने का जरिया बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि दो साल से रात दिन परिश्रम करने वाले 22 लाख छात्रों की मेहनत पर पानी फेरा गया है।

### 2 करोड़ युवाओं का भविष्य हुआ खराब

पेपर लीक पर सरकार को लगातार घेर रहे राहुल गांधी ने शनिवार को एक वीडियो बयान में कहा कि पूरा देश जानता है कि परीक्षा से दो दिन पहले व्हाट्सएप पर नीट का पेपर बांटा जा रहा था मगर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कहते हैं कि इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं। संसदीय समिति ने सुधार की सिफारिशें की थी मगर शिक्षा मंत्री ने यह कहते हुए इसे कचरे में डाल दिया कि इसमें विपक्षी दलों के सदस्य बैठे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, सच्चाई यह है कि देश के सबसे अहम शिक्षा



क्षेत्र को आरएसएस, भाजपा और हमारे विश्वविद्यालयों में कुलपति, प्रोफेसर बनाए गए इनके लोगों के बीच पैसे बनाने का एक नेक्सस है। इस गठजोड़ ने देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खत्म कर दिया है और देश जानता है कि आरएसएस से हैं तो बिना विषय ज्ञान तथा अनुभव के भी आप कुलपति बन सकते हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, यदि नहीं हैं तो कितना भी काबिल हों वीसी नहीं बन सकते। यही है कारण कि 80 बार पेपर लीक हुआ है और दो करोड़ युवाओं का भविष्य खराब हुआ है। नेता विपक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री को धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफे देने का आदेश देना चाहिए या बर्खास्त करना चाहिए और पेपर लीक के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए।

### खरगे ने भी सरकार पर साधा निशाना

पेपर लीक के सदमे से छात्र-छात्राओं के आत्महत्या की खबरों पर चिंता जताते हुए एक्स पोस्ट में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, लखीमपुर खीरी के ऋतिक मिश्रा, दिल्ली की अंशिका पांडेय, राजस्थान के झुंझुनूं से प्रदीप मेघवाल, गोवा में रह रहे बेंगलुरु के छात्र सबने ये आत्मघाती कदम उठाया है। किसी ने बचपन से सपना देखा, किसी ने परिवार की उम्मीदों के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया, सालों तैयारी की। लेकिन मोदी सरकार की भ्रष्ट और निकम्मी व्यवस्था ने उनके सपनों को रौंद दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब तो खुद फैक्ट चेक करने लगे हैं और कल उन्होंने 'ईज ऑफ लिविंग' पर पोस्ट किया पर नीट पेपर लीक और छात्रों की आत्महत्या पर चुप्पी साधे रहे। खरगे ने आगे लिखा, 2024 नीट पेपर लीक में जिन अधिकारियों पर सवाल उठे, उन्हें सजा नहीं मिली, बल्कि मलाईदार पद दे दिए गए और यही कारण है कि हर साल युवाओं का भविष्य लूटा जा रहा है।

## एनटीए की एक्सपर्ट टीचर ने लीक किया था बायलॉजी का पेपर, एग्जाम से पहले घर पर बुलाई थी 'गुप्त क्लास'

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बायोलॉजी पेपर की मास्टरमाइंड और एनटीए की एक्सपर्ट टीचर मनीषा गुरुनाथ मंडारे को दिल्ली से अरेस्ट किया है। मनीषा पर अपने घर पर स्पेशल क्लास चलाकर पेपर लीक करने का आरोप है। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी 2026' के पेपर लीक



मामले में हर दिन चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए सीबीआई ने पुणे के एक नामी कॉलेज की सीनियर लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मंडारे को अपनी गिरफ्त में लिया है। मनीषा कोई साधारण शिक्षिका नहीं हैं, बल्कि वे खुद एनटीए की उस गोपनीय टीम का हिस्सा थीं जो परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करती है। उनकी गिरफ्तारी के बाद यह साफ हो गया है कि तस्करों ने सीधे परीक्षा कराने वाली एजेंसी के भीतर ही सेंधमारी कर दी थी।

एनटीए की एक्सपर्ट टीम में शामिल थीं मनीषा

मनीषा गुरुनाथ मंडारे पुणे के शिवाजीनगर में स्थित 'मॉडर्न कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स' में बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) की सीनियर लेक्चरर हैं। कॉलेज सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मनीषा पिछले 5 से 6 वर्षों से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के लिए नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान दे रही थीं। इस साल भी एनटीए ने उन्हें बतौर विषय विशेषज्ञ नियुक्त किया था, जिसके कारण बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्नपत्रों तक उनकी सीधी और पूरी पहुंच थी।

### पुणे के घर पर बुलाई 'स्पेशल क्लास', नोटबुक में लिखवाए सवाल

सीबीआई की जांच में सामने आया है कि मनीषा मंडारे ने अपनी इस पहुंच का फायदा उठाकर अप्रैल 2026 के दौरान ही प्रश्नपत्र लीक कर दिया था। उन्होंने पुणे की ही एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे के जरिए कुछ चुनिंदा नीट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जंग खत्म नहीं हुई तो भयावह होंगे हालात नीदरलैंड में पीएम मोदी की बड़ी चेतावनी

द हेग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के द हेग में वैश्विक समुदाय को संबोधित करते हुए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दौर साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि कोविड-19 महामारी, विभिन्न क्षेत्रों में जारी युद्ध और वर्तमान ऊर्जा संकट ने मिलकर एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जो वैश्विक स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है। पीएम मोदी ने आगाह किया कि यदि इन वैश्विक परिस्थितियों में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो पिछले कई दशकों में हासिल की गई उपलब्धियां बेकार हो जाएंगी और दुनिया की एक बहुत बड़ी आबादी फिर से गरीबी के दलदल में फंस सकती है।



आपदाओं का दशक और गरीबी का खतरा

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य को लेकर दुनिया को सजग किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे पहले कोविड की मार पड़ी, फिर युद्धों का सिलसिला शुरू हुआ और अब दुनिया ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। उन्होंने इसे आपदाओं का दशक करार देते हुए कहा कि ये स्थितियां मानवता के लिए चिंताजनक हैं। पीएम मोदी का मानना है कि अगर दुनिया ने अपनी दिशा नहीं बदली, तो विकास के वे तमाम मानक जो हमने दशकों की मेहनत से हासिल किए हैं, वे ध्वस्त हो सकते हैं। करोड़ों लोगों का दोबारा गरीबी रेखा के नीचे चले जाना वैश्विक अर्थव्यवस्था और सामाजिक ढांचे के लिए एक भयावह स्थिति होगी।

### भरोसेमंद और पारदर्शी सप्लाई चेन का निर्माण

ऐसी चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच, प्रधानमंत्री ने रेजिलिएंट सप्लाई चेन यानी लचीली और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया एक स्थिर आपूर्ति श्रृंखला की तलाश कर रही है, तब भारत और नीदरलैंड मिलकर एक ऐसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'कॉकरोच' वाले बयान पर सीजेआई सूर्याकांत की सफाई : बोले- तोड़-मरोड़ कर पेश की बात, युवाओं से नहीं, फर्जी डिग्री वालों से नाराजगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक दिन पहले हुई तीखी सुनवाई के बाद सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। खबरों में यह दिखाया गया था कि चीफ जस्टिस ने देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना 'कॉकरोच' और 'परजीवी' से की है। इस चौतरफा बहस और विवाद के बढ़ने के बाद शनिवार को सीजेआई सूर्याकांत ने खुद सामने आकर इस मामले पर अपना स्पष्टीकरण दिया और बताया कि उनके गुस्से का असली निशाना कौन था।



### मेरी बात को गलत तरीके से पेश किया गया

चीफ जस्टिस सूर्याकांत ने कहा कि मीडिया के एक हिस्से ने अदालत कक्ष में की गई उनकी मौखिक टिप्पणियों को पूरी तरह गलत संदर्भ में पेश किया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि इस बयान को जानबूझकर देश के युवाओं पर किया गया हमला बनाकर दिखाया गया, जो कि पूरी तरह से असत्य है। सीजेआई ने साफ किया कि उनके मन में देश के युवाओं के लिए कोई दुर्भावना नहीं है। अपने स्पष्टीकरण में चीफ जस्टिस ने साफ किया कि उनकी यह तल्ख टिप्पणी देश के ईमानदार और मेहनती युवाओं के खिलाफ बिल्कुल नहीं थी। उन्होंने कहा मुझे इस बात का दुख है कि मेरी मौखिक टिप्पणियों को गलत तरीके से दिखाया गया। मैंने खास तौर पर उन लोगों की आलोचना की थी जो फर्जी और नकली डिग्री के सहारे वकालत में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे लोग न केवल वकालत बल्कि मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी घुस गए हैं और परजीवियों की तरह सिस्टम पर हमला करते हैं।

### यह विवाद कैसे शुरू हुआ?

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब ष्छ्ळ्ढ सूर्याकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की बेंच दिल्ली हाईकोर्ट के एक वकील से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। वह वकील सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था। अदालत ने वकील के पेशेवर आचरण, सोशल मीडिया व्यवहार और फेसबुक पर इस्तेमाल की गई भाषा पर गंभीर सवाल उठाए थे। बेंच ने वकील को फटकार लगाते हुए यहाँ तक कहा था कि दुनिया का हर व्यक्ति सीनियर एडवोकेट बनने के योग्य हो सकता है, लेकिन कम से कम आप इसके हकदार नहीं हैं। इसके बाद वकील ने माफी मांगते हुए अपनी याचिका वापस ले ली थी।

### वकीलों की डिग्रियों की सीबीआई जांच और बीसीआई पर तंज

इसी सुनवाई के दौरान बेंच ने वकीलों की डिग्रियों की सत्यता पर गहरी चिंता जताई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पास्को मामले में केंद्रीय मंत्री का बेटा गिरफ्तार, बंदी संजय बोले- 'कानून की नजर में सब बराबर'



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ साई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। केंद्रीय मंत्री के बेटे पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। बंदी संजय कुमार कुमार, गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री और भाजपा सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री ने आज शनिवार, 16 मई को बताया कि उन्होंने अपने बेटे बंदी भगीरथ साई को इस मामले की जांच के लिए पुलिस के हवाले कर दिया है।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप

25 वर्षीय भगीरथ साई पर 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम' (पास्को एक्ट) और 'भारतीय न्याय संहिता' की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि साई ने आत्मसमर्पण नहीं किया था, बल्कि उन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं केंद्रीय मंत्री का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे को पुलिस के हवाले किया है, क्योंकि कानून की नजर में सब बराबर हैं।

### न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन गलती नहीं

बंदी संजय कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सत्यमेव जयते, कानून और ज्यूडिशियरी का पूरा सम्मान करते हुए, आज मेरा बेटा बंदी भगीरथ हमारे वकीलों के जरिए जांच के लिए तेलंगाना पुलिस के सामने गया।

संजय कुमार ने आगे लिखा, मैंने यह पहले भी कहा है, चाहे मेरा अपना बेटा हो या कोई आम नागरिक, कानून के सामने सब बराबर हैं। मेरा बेटा लगातार कहता रहा है कि उसने कोई गलती नहीं की है। बंदी संजय कुमार ने आगे बताया, लीगल एक्सपर्ट्स से सलाह लेने और उनके सामने हमारे पास मौजूद सबूत रखने के बाद, हमें सलाह दी गई कि इस मामले को लीगल प्रोसेस के जरिए सही तरीके से सुलझाया जाएगा। साथ ही, मेरा मानना है कि जांच में पूरा सहयोग करना चाहिए और ज्यूडिशियल सिस्टम का सम्मान करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा, भले ही कोर्ट की कार्रवाई चल रही है और अगले हफ्ते ऑर्डर आने की उम्मीद है और हमारी लीगल टीम की सलाह के बावजूद, मुझे लगा कि जांच में सहयोग करने में हमारी तरफ से कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। मुझे जस्टिस सिस्टम पर पूरा भरोसा है। न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन उसे नकारा नहीं जा सकता।

## कांग्रेस जिला अध्यक्षों की 'संगठन पाठशाला' 21 से 30 जून, राहुल-खड़गे देंगे सियासी मंत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन अब अपने नवनियुक्त 41 जिला अध्यक्षों को सक्रिय राजनीतिक मोड में लाने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जून के दूसरे पखवाड़े, संभावित रूप से 21 से 30 जून तक 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की तैयारी है। रायपुर-अभनपुर क्षेत्र के किसी बड़े रिसॉर्ट या फार्महाउस में यह आयोजन प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण शिविर को कांग्रेस संगठन के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि नवंबर 2025 में नियुक्ति के करीब सा? पांच महीने बाद भी जिला अध्यक्षों की औपचारिक ट्रेनिंग नहीं हो सकी है। संगठनात्मक नियमों के तहत नियुक्ति के बाद जिला अध्यक्षों को संगठन संचालन, बूथ मैनेजमेंट, राजनीतिक रणनीति, जनसंपर्क, मीडिया प्रबंधन और चुनावी तैयारी का प्रशिक्षण दिया जाता है।



सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित केंद्रीय नेतृत्व शामिल होंगे। प्रदेश स्तर पर दीपक बैज, भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव जैसे वरिष्ठ नेता भी इस प्रशिक्षण सत्र में मौजूद रहेंगे। ट्रेनिंग में देरी की वजह से कई जिलों में नए अध्यक्षों की भूमिका सीमित रही, जबकि कुछ सक्रिय अध्यक्षों ने अपने स्तर पर संगठन संभालना शुरू कर दिया। ऐसे में यह शिविर जिला इकाइयों को एकरूपता देने और भविष्य की राजनीतिक लड़ाई के लिए तैयार करने वाला माना जा रहा है।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

जिला, ब्लाक और मंडल स्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति और उनकी ट्रेनिंग दरअसल कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान का हिस्सा है। यह एक व्यापक पुनर्गठन कार्यक्रम है, जो 2025-26 में जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए चलाया जा रहा है। गुजरात मॉडल पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य बूथ, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चांदी को लेकर सरकार का बड़ा फैसला, इंपोर्ट के लिए अब लाइसेंस लेना जरुरी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने चांदी को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने शनिवार को फैसला लिया कि अब चांदी का आयात 'प्रतिबंधित श्रेणी' में रखा जाएगा। इसका सीधा मतलब यह है कि अब कोई भी कारोबारी या कंपनी बिना सरकारी अनुमति के चांदी आयात नहीं कर सकेगी। अब तक चांदी का आयात फ्री कैटेगरी में था, यानी ज्यादा पाबंदियां नहीं थीं। सोने के बाद अब चांदी को लेकर भी सरकार ने ब?ा फैसला किया है। बदले हुए नियमों के तहत, चांदी की छड़ें, बिना गढ़ी चांदी और सेमी-मैन्युफैक्चर्ड चांदी के कई फॉर्म, जिसमें पाउडर के रूप में चांदी भी शामिल है, के इंपोर्ट के लिए अब सरकारी मंजूरी अनिवार्य होगी।



सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है जब देश में सोने और चांदी का आयात तेजी से बढ़ रहा है और इससे व्यापार घाटे पर दबाव पड़ रहा है। माना जा रहा है कि सरकार कीमती धातुओं के आयात पर सख्ती करके विदेशी मुद्रा के बढ़ते खर्च को नियंत्रित करना चाहती है।दरअसल, कुछ दिन पहले ही सरकार ने सोने, चांदी और प्लैटिनम पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी की थी। 13 मई से सोने और चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई। वहीं प्लैटिनम पर शुल्क 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया।

### सोने के आयात पर भी नियम

सरकार सिर्फ शुल्क बढ़ाने तक ही नहीं रुकी। सोने के आयात पर भी नई सीमा तय कर दी गई है। अब अग्रिम मंजूरी के जरिए अधिकतम 100 किलोग्राम सोना ही आयात किया जा सकेगा। खास बात यह है कि जो कारोबारी पहली बार आयात की मंजूरी मांगेगा, उसकी यूनिट का फिजिकल निरीक्षण भी किया जाएगा। अधिकारी यह जांच करेंगे कि फैक्ट्री वास्तव में मौजूद है या नहीं, उसकी क्षमता कितनी है और वह चालू हालत में है या नहीं। सरकारी आंकड़े भी बताते हैं कि पिछले कुछ महीनों में सोने-चांदी का आयात काफी तेजी से बढ़ा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला : मंत्रियों के काफिले में कम होंगी गाड़ियां, अफसरों के विदेश दौरों पर लगा बैन

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन और सार्वजनिक व्यय में कड़ा वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी नए वित्त निर्देश 14/2026 के तहत तत्काल प्रभाव से सरकारी खर्चों में भारी कटौती और मितव्ययिता के उपायों को लागू कर दिया गया है। वित्त विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव द्वारा हस्ताक्षरित यह आदेश आगामी 30 सितंबर, 2026 तक पूरी कड़ाई से प्रभावी रहेगा।इस नए सरकारी फरमान के बाद अब मंत्रियों के काफिले से लेकर दफ्तरों में बिजली-कागज की खपत तक पर सख्त पहरा लगा दिया गया है।



### मितव्ययिता के लिए सरकार के 8 कड़े कदम

कारकेड में वाहनों का सीमित उपयोग- मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विभिन्न निगम, मंडल व आयोग के पदाधिकारियों के कारकेड (काफिले) में केवल अत्यंत आवश्यक वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा। अन्य शासकीय संसाधनों का संयमित इस्तेमाल तय करने को कहा गया है।

### विदेशी दौरों पर पूर्ण प्रतिबंध

बेहद अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर राज्य सरकार के खर्च पर शासकीय सेवकों की विदेश यात्राओं पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। अनिवार्य होने पर मुख्यमंत्री की पूर्वानुमति अनिवार्य होगी।

### वाहन पूलिंग और ईंधन में कटौती

सरकारी वाहनों में पेट्रोल-डीजल के खर्च को न्यूनतम स्तर पर लाने के निर्देश हैं। एक ही गंतव्य (डेस्टिनेशन) की ओर जाने वाले अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के लिए अब 'वाहन पूलिंग' की व्यवस्था लागू की जाएगी।

### इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा

राज्य के सभी सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में बदलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

### महीने में केवल एक भौतिक बैठक

विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे भौतिक बैठकें महीने में यथासंभव एक बार ही आयोजित करें। बाकी सभी नियमित समीक्षा बैठकें अनिवार्य रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वर्चुअल मोड) के माध्यम से की जाएंगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अरुणदेव बने पूर्णकालिक डीजीपी : साय सरकार ने पूर्व में बनाया था प्रभारी डीजीपी

रायपुर। आईपीएस अरुणदेव गौतम छत्तीसगढ़ के पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्ति किये गये हैं। इस संबंध में गृह विभाग की प्रमुख सचिव निहारिक बारिक सिंह ने आदेश जारी किया है। बता दें कि साय सरकार ने उन्हें 17 महीने पहले प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया था।



वर्ष 1992 बैच के आईपीएस ऑफिसर अरुणदेव गौतम अब तक प्रभारी डीजीपी के तौर पर काम कर रहे थे। राज्य शासन ने संघ लोक सेवा आयोग की पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए गठित पैनल की अनुशंसा के बाद उन्हें पूर्णकालिक डीजीपी के पद पर पदस्थ किया है। अरुण देव गौतम अनुभवी आईपीएस अधिकारी हैं। वो छत्तीसगढ़ पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वे अपने सख्त प्रशासन कार्यवाही और अपराध नियंत्रण करने के लिए जाने पहचाने जाते हैं। मौजूदा दौर में उनकी प्राथमिकता राज्य में क्राइम को कम करना, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और पुलिसिंग सुधार होंगे। किसान परिवार में पले बढ़े अरुण देव गौतम उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के अभयपुर गांव के रहने वाले हैं। उनका जन्म 2 जुलाई 1967 को हुआ था। उन्होंने आठवीं तक अपने गांव के ही सरकारी स्कूल से शिक्षा ली। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# लखोली में पाइप लाइन के लिए खुदाई कर मटेरियल सड़क में छोड़ा, हो रही दुर्घटनाएं

राजनांदगांव (दावा)। महिने भर पहले लखोली नाका सेठी नगर क्षेत्र में वार्डवासियों की पानी की समस्या हल करने निगम द्वारा 6 इंच पाइप डलवाया गया, लेकिन कनेक्शन नहीं किए जाने से लोगों को भीषण गर्मी मे पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

बता दें कि निगम के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने लखोली नाका चौक से लेकर अशोक राइस मिल व सेठी नगर तक बेदर्दी से सड़क की खुदाई की गई है। इस दौरान मुहल्लेवासियों के दर्जनों नल कनेक्शन प्रभावित हुए। जिससे नलो में पानी आना ही बंद हो गया। इससे वार्ड वासियों को भीषण गर्मी के दिनों में पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। निगम का ध्यान इस ओर आत्कृष्ट किए जाने के बाद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे वार्ड के लोगों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

बता दें कि वार्डवासी वार्ड में 6 इंची पाइप लाइन बिछाने से पेयजल समस्या का निदान हो जाएगा समझ कर चूप रहे, लेकिन माह बीत जाने के बाद उक्त नए पाइप लाइन में कनेक्शन नहीं होने से उनका सब्र का बांध टूट रहा है। इधर निगम के ठेकेदार द्वारा सड़क को बेतरतीब ढंग से खुदाई कर उसे मटेरियल समेत सड़क में ही छोड़ दिए जाने से लोगों की आवागमन को परेशानी बढ़ गई है। लोग अधभरे गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं इससे लोगों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।





- नए पाइप लाइन में कनेक्शन नहीं किए जाने से नलों में पानी नहीं
- भीषण गर्मी मे पानी के लिए तरस रहे मुहल्ले वासी

### सड़क पर छोड़ा गया मटेरियलों का जखीरा

बता दें कि महिनेभर पहले लखोली नाका अशोक राइस मिल रोड में पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया। पाइप तो बिछ गया पर नल कनेक्शन नहीं किए जाने के चलते सड़क को अधभरा और उबड़-खाबड़ युक्त छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। रात के अंधेरे में उक्त उबड़-खाबड़ युक्त गड्ढे में गिर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ठेकेदार के लोगों ने उक्त नए पाइप लाइन को मेंन पाइप लाइन से जोड़ने के लिए लखोली नाका चौक में बड़ा सा गड्ढा खोद कर छोड़ दिया है। जो लोगों को दुर्घटना के लिए आमंत्रित कर रहा है। इसे ठेकेदार की लापरवाही कहे या निगम की अनदेखी। जिसका खामियाजा लखोली नाका क्षेत्र के लोगों को उठानी पड़ रही है।

### सड़क में छोड़े गए गड्ढे दें रहे दुर्घटना को आमंत्रण

सड़क की खुदाई कर मटेरियल को जहां-तहां छोड़ दिए जाने से वह पूरे सड़क में फैला पड़ा है। जिसमें लोग स्लीप होकर गिर रहे हैं। वहीं मटेरियल के नालियों में भर जाने से नालियां चोक होकर भयानक बदबू मार रही है इससे आसपास के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में निगम आयुक्त का ध्यान आत्कृष्ट किया गया है, लेकिन इस ओर न तो निगम के अधिकारी/कर्मचारी ध्यान दें रहे हैं और न ठेकेदार नए पाइप लाइन में नल कनेक्शन करने में रुचि दिखा रहा है और न बेतरतीब ढंग से की गई खुदाई से सड़क में फैले मटेरियल को व्यवस्थित करने की दिशा में ध्यान दें रहा है और तो और सड़क खुदाई के बाद दुर्घटना को आमंत्रित दे रहे गड्ढों को पाटने की दिशा में उनका ध्यान जा रहा है। इससे मोहल्ले वासियों को आक्रोश का वातावरण निर्मित हो रहा है।

# वट सावित्री का व्रत रखकर महिलाओं ने की अखंड सौभाग्य की कामना





**शीतला मंदिर सहित जगह-जगह रहा वट वृक्ष पूजन का आयोजन, पूजे गए शनि देवता**

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार जेष्ठ माह की अमावस्या को सुहागन महिलाओं द्वारा वट सावित्री का व्रत रख बरगद वृक्ष की पूरे विधि-विधान से पूजा की और अपने भगवान विष्णु से अपने पति की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान शहर के रियासत कालीन सिद्ध पीठ मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्थित वट वृक्ष से लेकर विभिन्न स्थानों में स्थित वट वृक्षों के पूजा के लिए व्रती महिलाओं की भीड़ रही और पूजन अर्चन कार्यक्रम का धूम बना रहा। बाजार में वट सावित्री व्रत के पूजा सामग्रियों भी खूब बिक्री हुई। वहीं नए वस्त्र परिधानों की भी मांग बनी रही।

बता दें कि सुहागन महिलाएओ द्वारा अपने सुखी वैवाहिक जीवन व अपने घर-परिवार की सुख समृद्धि एवं अपने प्राण-प्यारे पति के दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत रखती है। इस दिन महिलाओं ने सुबह से स्नान-ध्यान कर वट सावित्री का व्रत करने का संकल्प लिया और दिन भर सात्विक भाव के साथ भगवान के भजन-कीर्तन मे समय व्यतीत की। दोपहर होते ही सभी महिलाएं एकत्रित हो कर अपने मुहल्ले में स्थित वट वृक्ष की पूरे विधि-विधान से पूजा की। वृक्ष देवता पर जल अर्पण कर फल -फूल नैवेद्य चढ़ाए। शनिवार जेष्ठ अमावस्या के दिन यह दृश्य हर मोहल्ले और वार्डो में देखने को मिला।

**○ पंडित पुजारियों से सुनी सत्यवान-सावित्री की कथा**

वट सावित्री व्रत के दौरान सोलह श्रृंगार से युक्त नए परिधान में सज धज कर महिलाओ द्वारा वैदिक मंत्रो के बीच पूरे विधि-विधान से बरगद वृक्ष का पूजन किया गया और अपने पति के साथ सात जन्मों का साथ निभाने की कामना से सात बार परिक्रमा करते हुए उसमें रक्षा सूत्र बांधी। इस दौरान महिलाओं ने पंडित पुजारियों के मुख से सत्यवान सावित्री की कथा श्रवण करने के लिए भी महिलाएं जुटी रही और मृत्यु के देवता यमराज से अपने सतीत्व के बल पर अपने पति का प्राण ले आने वाली भारत की सती नारियों की महिमा जानी। वट वृक्ष पूजन उपरांत महिलाओं ने अपने बड़े बुजुर्गो का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया गया और अपने पति के हाथों जल ग्रहण व फलाहार लेकर व्रत की पारणा की। वट वृक्ष पूजन के दौरान शहर के विभिन्न वार्डो व मुहल्लों में सुहागन महिलाओं को आशीर्वाद देने बड़ी-बूढ़ी महिलाओं व बुजुर्ग जन उपस्थित रहे। इस दौरान प्रसादी पाने की चाह में किलकारियां मारते हुए आसपास के छोटे-छोटे बच्चों की भी उपस्थिति बनी रही। शनिवार जेष्ठ माह की अमावस्या को शहर में न्याय के देवता शनि महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई इससे लोगों में उत्साह का वातावरण रहा।

# कुएं में गिरे नंदी को सुरक्षित निकाला, रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर डटी रही नगर पंचायत अध्यक्ष

### डोंगरगांव के वार्ड क्रमांक 8 की घटना : वट सावित्री उपवास के बाद भी पहुंची अध्यक्ष, रेस्क्यू के दौरान एक युवक घायल



डोंगरगांव (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 8 वार्ड पार्षद के घर के सामने स्थित बाड़ी के खुले कुएं में गिरे एक सांड़ मुहल्लेवासियों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया। सुबह जानकारी मिलने के बाद से इस गौवंश को निकाले जाने तक नगर पंचायत अध्यक्ष मौके पर डटी रही। इस दौरान भगत सोनकर को पैर में काफी चोट आयी है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 8 निवासी मंजू सोनकर और गंगा सोनकर के खुले कुंए में एक छोटा सांड़ शुक्रवार की रात्रि में गिर गया था। जिसे इस घर का नवयुवक चंद्रप्रकाश सोनकर शनिवार सुबह पानी निकालते समय देखा और अपनी मां मंजू सोनकर को इसकी जानकारी दी। इस गौवंश के कुएं में गिरने की खबर तेजी से मुहल्ले में फैली और इस दौरान मंजू सोनकर आदि ने अपने वार्ड पार्षद तक इसकी जानकारी पहुंचाई। देखते ही देखते यह खबर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी तक भी पहुंची और वट सावित्री के उपवास के बावजूद इस नंदी महाराज को निकलवाने मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में नगर पंचायत व्दारा जेसीबी का इंतजाम किया गया और राकेश सोनकर, शिवम, भगत सोनकर, अनिल जैन, अतिशय जैन सहित अन्य मुहल्लेवासियों के काफी मशक्कत के बाद इस सांड़ को कुंए से निकाला गया। नगर पंचायत की ओर से सहयोग के लिए वैभव, गौरव, गिरवर पहुंचे थे। जिनकी मदद से जेसीबी मशीन के इस सांड़ को सुरक्षित निकाला गया। पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने इस सांड़ को निकालने के बाद उपचार कर छोड़ दिया।

# कांता बाई कुटारे का निधन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के भरकापारा निवासी कांता बाई महादेव कुटारे का शनिवार दोपहर लगभग 2:30 बजे निधन हो गया। वे आम्बेडकर सेवा समिति उच्च भरकापारा के अध्यक्ष प्रवीण कुटारे की माताजी थीं। उनका अंतिम यात्रा आज रविवार 17 मई को सुबह 10 बजे भरकापारा स्थित निवास स्थान से लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। धार्मिक स्वभाव की महिला कांता बाई के निधन पर परिवार एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया है।



# अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाली महिला गिरफ्तार




**2.492 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी और सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाली महिला को गिरफतार किया गया है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने हेतु लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में अवैध गांजा अभियान कार्यवाही मे 15 मई को नेहा मरकाम नामक महिला जो कि अवैध गांजा बिक्री करने के फिराक में चिखली तालाब के पास खड़ी है की पुख्ता सूचना पर चिखली तालाब पार में चौकी चिखली पुलिस द्वारा दबीश देकर कर आरोपिया को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम नेहा मरकाम पिता स्व. प्रताप मरकाम उम्र 25 साल निवासी चिखली वार्ड नं. 10 तालाब पार ओपी चिखली है। उसके कब्जे से एक लाल सफेद रंग के थैला मे रखे 2.492 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमती 24920 रूपये को रंगे हाथ पकड़ कर वैधानिक कार्यवाही कर आरोपिया के विरूद्ध धारा सदर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# मारपीट, जानलेवा हमला और आगजनी का मुख्य फरार आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी मिलन सिंह के नेतृत्व में मारपीट, जानलेवा हमला और आगजनी मामले के मुख्य आरोपी आनंद सोनकर को दुर्ग से धर दबोच लाया। इसके अलावा पुलिस द्वारा उसके सह-योगी असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी भी की गई है।

बता दें कि सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में कोतवाली थाना क्षेत्र में गंभीर अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों की धरपकड़ एवं कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई करते हुए गंभीर अपराध क्रमांक 141/26 के मुख्य फरार आरोपी आनंद सोनकर को दुर्ग से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिनांक 28.05.2026 तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### पोस्ट आफिस चौक फ्लाई ओवर के नीचे हुई थी घटना

थाना प्रभारी मिलन सिंह ने बताया कि कोतवाली थानांतर्गत फ्लाईओवर के नीचे पोस्ट ऑफिस चौक के पास रहने वाले प्रार्थी संजय मंडावी (उम्र 30 वर्ष) और उनके परिजनों पर आरोपियों द्वारा शराब पीने के लिए पैसे न देने की बात पर विवाद किया गया था। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद आरोपियों ने डंडा और फाइबर की बेंत से ताबड़तोड़ हमला कर प्रार्थी और उनके परिजनों को गंभीर प्राणघातक चोटें पहुंचाई थी। इसके अतिरिक्त, आरोपियों द्वारा प्रार्थी के डेरा (झोपड़ी) में आग लगाकर सामान को भारी नुकसान भी पहुंचाया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(3), 109(1), 119(1), 3(5) बीएनएस एवं गंभीर चोट पहुंचाने के तहत धारा 326(क) बीएनएस जोड़ी। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय एफ.एस.एल. (FSL) वैज्ञानिक अधिकारी को मौके पर बुलाकर वैज्ञानिक निरीक्षण कराया गया तथा घटनास्थल से साक्ष्य एवं घटना में प्रयुक्त फाइबर की बेंत और लकड़ी का डंडा जब्त किया गया। पीड़ितों और गवाहों के बयान धारा 180 और 183 बीएनएसएस के तहत दर्ज किए जा चुके हैं।




थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि मामले की अन्य सह-आरोपियों फिरोजा उर्फ सिमरन और विशाखा ठाकुर को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं घटना का मुख्य आरोपी आनंद सोनकर पिता सुभाष सोनकर उम्र 27 वर्ष निवासी कोइरियापार, मऊ (उत्तर प्रदेश), वर्तमान निवास फ्लाईओवर के नीचे डेरा, पोस्ट ऑफिस चौक जो कि घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसकी तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस स्टाफ ने दुर्ग जाकर आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लिया। जिसने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर जिला जेल में भेज दिया गया है।

# आईटीबीपी के जवानों के लिए तनावमुक्त कार्यशाला का आयोजन

### ब्रह्माकुमारीज ने सिखाए सकारात्मक चिंतन और राजयोग के गुर, जवानों ने जाना आंतरिक शक्तियों को पहचानने का महत्व



राजनांदगांव (दावा)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा तनावमुक्त जीवन एवं सकारात्मक चिंतन विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने कहा कि तनावमुक्त रहने के लिए स्वयं की आत्मा स्वरूप पहचान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बाहरी परिस्थितियों और कार्य के दबाव के कारण व्यक्ति मानसिक तनाव का अनुभव करता है, किंतु यदि वह अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचान ले तो हर परिस्थिति का सहजता से सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से मन में शांति, सकारात्मकता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। जिससे व्यक्ति समस्याओं पर विजय प्राप्त कर अपने कार्यक्षेत्र में तनावमुक्त रह सकता है।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित जवानों को राजयोग का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रह्माकुमार झालम भाई ने सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को अपने मन पर नियंत्रण रखना चाहिए तथा बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना संतुलित जीवन जीना चाहिए। सकारात्मक विचार ही मानसिक शांति और सफलता का आधार हैं। अनवर इलाही उप महानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय राजनांदगांव के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में सहायक सेनानी तनाव परामर्श दाता विजय कुमार व जवानों द्वारा अतिथियों का करतल ध्वनि से हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सप्रेम भेंट समर्पित की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन की अपेक्षा की साथ ही सभी जवानों को दैनिक जीवन मे सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संध्या बहन सहित आईटीबीपी के 31 पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मकता से परिपूर्ण रहा।

# शराब से भरे ट्रक की चपेट में आई गाय, दर्दनाक मौत के बाद भड़के ग्रामीण

खैरागढ़(दावा)। खैरागढ़ के गंडई-छुईखदान मुख्य मार्ग पर शुक्रवार शाम हुए एक दर्दनाक हादसे ने इलाके में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया। नर्मदा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही एक गाय को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा शाम करीब 6 बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाय ट्रक के नीचे फंस गई और काफी देर तक तड़पती रही। घटना के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और चालक के खिलाफ नाराजगी जताने लगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रक में सरकारी शराब का परिवहन किया जा रहा था और चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। इस वजह से लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग पर तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि शराब से भरे भारी वाहन तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों और मवेशियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।







**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक शुभम कामड़े पिता श्री कमलेश कामड़े आयु-27 वर्ष, निवासी-चंदन नगर, मोतीपुर, वार्ड नं. 06 ओ.पी. चिखली, राजनांदगांव, तहसील एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका रीतू साहू पिता श्री पूनाराम साहू आयु-25 वर्ष, निवासी- मं.नं.210, शीतला पारा, मोतीपुर, वार्ड नं. 08, ओ.पी. चिखली, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन् 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 01/06/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक-30/04/2026
पेशी तारिख-01/06/2026

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

अनुमानित — बी. के. 368-7 279-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202605095500001**

**ईश्तहार**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सनः- 2025-2026
सुखरी प.ह.नं. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार निर्मला साहू,
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन,

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मला साहू आ. रामाधार निवासी ग्राम सुखरी पटवारी हल्का नं. 31 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपना स्वयं का जन्म दिनांक 23/05/1978 को ग्राम सुखरी में होने के कारण अपना स्वयं का जन्म तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, पंचनामा, चालान क्रमांक 66070526008875 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 22.05.2026 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद्मुद्रा से आज दिनांक 08/05/2026 को जारी किया जाता है।

जगदेव प्रसाद खूंटे
नायब तहसीलदार, डोंगरगांव

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं नेहा रायचा **(NEHA RAICHA) W/O** विनेश रायचा **(VINESH RAICHA)** निवास स्थान 22/69/3, वार्ड नं. 22, गुरुद्वारा रोड के पास, दीवान पारा, राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि, मैंने अपना पुराना नाम, नेहा गढ़िया **(NEHA GADHIYA)** त्याग कर नया नाम नेहा रायचा **(NEHA RAICHA) W/O** विनेश रायचा **(VINESH RAICHA)** रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम नेहा रायचा (NEHA RAICHA) W/O विनेश रायचा (VINESH RAICHA) के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**NEHA RAICHA**
**W/O VINESH RAICHA**
22/69/3, WARD NO. 22,
NEAR GURUDWARA ROAD,
DIWAN PARA,
RAJNANDGAON (C.G.) 491441

# अधिक मास में श्याममय होगा राजनांदगांव

राजनांदगांव (दावा)। अधिक मास के पावन अवसर पर इस वर्ष राजनांदगांव पूरी तरह श्याममय होने जा रहा है। 'अधिकस्य अधिक फलं' की दिव्य भावना के साथ शहर में पहली बार पांच दिवसीय विराट श्याम भक्ति अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 25 मई से 29 मई 2026 तक आयोजित होने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन में निशान यात्रा, अभिषेक पूजन, श्री श्याम चरित्र कथा, भव्य भजन संध्या, अखंड संकीर्तन एवं नौ कुण्डीय श्री श्याम महायज्ञ जैसे दिव्य कार्यक्रम होंगे। आयोजन स्थल श्री खाटू धाम गायत्री विद्या पीठ परिसर को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

### 25 मई को निकलेगी भव्य सूरजगढ़ निशान यात्रा

महोत्सव का शुभारंभ सोमवार 25 मई 2026 को शाम 5 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से भव्य सूरजगढ़ निशान यात्रा के साथ होगा। यह निशान यात्रा दासी श्याम कुटीर, रामाधीन मार्ग तक निकलेगी। यात्रा में ढोल-नगाड़ों, जयकारों, भजनों और निशानों के साथ हजारों श्याम भक्त शामिल होंगे। पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण निर्मित होगा।

इस विशेष अवसर पर सूरजगढ़ दरबार से श्याम भक्त श्री हजारी लाल जी इंदौरिया अपनी पूरी टीम के साथ शामिल होंगे। साथ ही श्री खाटू श्याम मंदिर राजस्थान के निज पुजारी सेवक परिवार से श्री मानवेन्द्र सिंह जी चौहान 'काना भैया' महाराज का आगमन भी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।

### लड्डू गोपाल एवं युगल सरकार का दिव्य अभिषेक 26 को

26 मई की सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक लड्डू गोपाल जी एवं युगल सरकार जी का भव्य संगीतमय अभिषेक पूजन होगा।



सात विद्वान ब्राह्मणों एवं आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह दिव्य अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। भक्तों को अलौकिक आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने हेतु विशेष सजावट एवं पूजा व्यवस्था की जा रही है।

**○ 25 से 29 मई तक श्री खाटू धाम गायत्री विद्यापीठ में होगा श्याम भक्ति का विराट महोत्सव,**
**○ देशभर के भजन गायक करेंगे बाबा को रिझाने का प्रयास**

### प्रतिदिन गूंजेगा श्याम नाम का संकीर्तन

26 मई से 28 मई तक प्रतिदिन शाम 4.30 बजे से 7.30 बजे तक कथावाचक अर्पित भाई शर्मा होंगे श्री श्याम चरित्र कथा का आयोजन होगा। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक बाबा श्री खाटू श्याम जी को रिझाएंगे।

भजन संध्या में वृंदावन से ब्रज रसिक पारस लाड़ला, खाटू श्याम जी से योगेश शर्मा, नई दिल्ली से मयूर रस्तोगी, नागपुर से पंकज उपाध्याय, गणेश शर्मा एवं आकाश यादव अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। विशेष रूप से 27 मई एकादशी की रात्रि भजन संध्या भक्तों के लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### 29 मई को होगा नौ कुण्डीय श्री श्याम महायज्ञ

महोत्सव का समापन 29 मई को प्रातः अभिषेक पूजन एवं शाम 4:30 बजे से भव्य नौ कुण्डीय श्री श्याम महायज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ होगा। इसके बाद कथा विराम एवं रात्रि 8 बजे से विशाल श्याम रसोई महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

### देशभर से पहुंचेंगे श्याम भक्त

परम श्रद्धेय श्री नंदकिशोर शर्मा बंदू नैया जी के आशीर्वाद से आयोजित इस दिव्य महोत्सव में देशभर से श्याम भक्तों के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों का मानना है कि यह आयोजन राजनांदगांव के धार्मिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने वाला साबित होगा।

### सेवा में जुटा श्याम लखदातार सेवा परिवार

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री खाटू श्याम लखदातार सेवा परिवार के सदस्य पूरे उत्साह और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन व्यवस्था में प्रमुख रूप से अमित खण्डेलवाल, अमित शर्मा ट्रेवलर्स, राजू डागा, संजय तेजवानी, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, अभिषेक खण्डेलवाल, सुषमा सिंह, टीना खण्डेलवाल, ममता अवस्थी, निधि बाजपेयी, अर्चना दास, लता बंसोड़, रागिनी शर्मा, कीर्ति अग्रवाल एवं पिंकी खण्डेलवाल विशेष योगदान दे रहे हैं।

### श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

आयोजकों ने समस्त श्याम प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ एवं पुण्य अर्जित करने की अपील की है। अधिक मास में आयोजित यह भव्य श्याम महोत्सव भक्तों के लिए आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम संगम साबित होगा।

# बोरतलाव पुलिस ने आरोपियों के 2 पिट्ठू बैग से 100 पॉलीथिन में पैक हाथ भट्ठी महुआ शराब की जब्त



राजनांदगांव (दावा)। बोरतलाव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियों के दो पिट्ठू बैग से 100 पालिथीन बैग में रखे हाथ भट्ठी शराब जब्त की है। इसके अलावा पुलिस ने उक्त अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटर सायकल को भी जब्त किया है। पुलिस के हाथ लगे इन चीजों की कुल जुमला कीमत 50000 रूपए बताई जाती है। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

**○ अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल बजाज प्लैटिना भी किया गया बरामद**

बोरतलाव पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब के प्रभावी रोकथान हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केसरीनंदन नायक के दिशा-निर्देशन मे थाना प्रभारी बोरतलाव हमराह स्टाप के द्वारा शनिवार 16 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री हेतु चांद सूरज (महाराष्ट्र)से बोरतलाव की ओर मीटर साइकिल से आने वाला है। इस पर ग्राम भरकाटोला के पास पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर मो.सा. एम एच 35 एक्यू 1193 को रोककर पूछताछ करने मो.सा. चालक अपना नाम विष्णु टेकाम पिता असमान टेकाम उम्र 43 निवासी चांद सूरज दर्रेकशा जिला गोंदिया महाराष्ट्र का होना बताया। उसके पास रखे 2 पिट्ठू बैग में 100 पालीथीन में पैक महुआ शराब प्रत्येक में 500 एमएल कुल मात्रा 50 बल्क लीटर पाया गया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नही करने पर शराब व घटना में प्रयुक्त वाहन को विधिवत् जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

# बढ़ती मंहगाई से जनता त्रस्त भाजपा सरकार मस्त - धनेश पाटिला



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बढ़ती मंहगाई से देश की जनता त्रस्त और परेशान है और मोदी सरकार जनता को राहत पहुंचाने का प्रयास करना छोड़ कर जनता से अपील कर अपनी जवाबदारी व जिम्मेदारी से भाग रहे है।

श्री पाटिला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित उनके सभी मंत्रिगण पांच राज्यों में हुए चुनावों में इतने व्यस्त रहे की देश में बढ़ रही महंगाई को नियंत्रित करने उनके द्वारा न तो कोई कदम उठाया गया और न इस ओर ध्यान ही दिया गया।

वहीं पूंजीपतियों को छूट देकर उनकी संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूली करने में व्यस्त रही मोदी सरकार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भूल चुकी है। यदि मोदी सरकार मुनाफाखोरों का साथ देना छोड़ कर समय पर महंगाई को नियंत्रित करने पर्याप्त कदम उठाती तो आम नागरिक महंगाई से त्रस्त और परेशान नहीं होते।

श्री पाटिला ने कहा कि भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता का परिणाम ही है कि देश में पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर रासायनिक खाद दूध अनाज सब्जी सहित सभी दैनिक उपयोग के सामानों की कीमतें आसमान छू रही है।

पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण परिवहन से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दाम में असीमित वृद्धि हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी होने के बावजूद आम नागरिकों को राहत नहीं देना केंद्र सरकार के जन विरोधी नीति का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल डीजल गैस खाद्य तेल उर्वरकों का उपयोग कम करने की अपील केंद्र सरकार की विफलता को दर्शाती है। इससे साबित होता है कि बढ़ती मंहगाई की स्थिति केंद्र सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गई है।

# वयोवृद्ध पास्टर तंगचन जॉर्ज का मसीह समाज ने किया भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। मसीह समाज द्वारा एक गरिमामयी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वर्षों से समाज और प्रभु सेवा में निरंतर समर्पित पास्टर तंगचन जॉर्ज का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। वयोवृद्ध होने के बावजूद आज भी पास्टर तंगचन जॉर्ज पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मसीह समाज की सेवा में सक्रिय हैं। उनके इसी सेवा भाव और समाज के प्रति योगदान को सम्मानित करने के लिए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**वर्षों से समाज सेवा में समर्पित हैं पास्टर तंगचन जॉर्ज**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ उपस्थित रहे। मसीह समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका भी आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में हैरी जोसेफ ने कहा कि पास्टर तंगचन जॉर्ज ने मसीह समाज के लिए जो कार्य किए हैं वे अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और मानवता के लिए उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण है। इस अवसर पर उन्होंने पास्टर जॉर्ज का सम्मान कर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस गरिमामयी कार्यक्रम में बिशप जॉन वेसली, मसीह मंदिर गौरी नगर के पास्टर फ्रांसिस नाग, वैसलीयेन चर्च डोंगरगांव के पास्टर हेमंत नंद, वैसलीन चर्च राजनांदगांव के पास्टर तुरथ ग्वाल, पास्टर अतुल मसीह, पास्टर हरभूषण रवाना, पास्टर अविनाश किशोर, पास्टर डेविड चाकों, आनंद वर्गीस, आशा थॉमस शरद रंजन सहित ब्रदरन ग्रुप के असेंबली चर्च के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मसीह समाज राजनांदगांव के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुरियाकोस की विशेष उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान समाज के लोगों में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना एवं आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

# गौ-तस्करों को पायलटिंग कर रास्ता बताने वाले दो संदिग्ध गिरफ्तार, 10 लाख की बोलेरो जप्त




राजनांदगांव (दावा)। बागनदी पुलिस की सतर्कता से तस्करी नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए गौ-तस्करो को संरक्षण देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके पास से तस्करी में उपयोग आने वाले 10 लाख के बोलेरो को जब्त किया है। बताया जाता है कि पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों की पूर्व में जिले में दर्ज अपराधों में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

बागनदी थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों एवं संगठित तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बागनदी पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 10 एवी 9500 के माध्यम से गौ-तस्करी में संलिप्त बड़े वाहनों को पायलेटिंग कर पुलिस चेकिंग की जानकारी पहले से उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे तस्कर रास्ता बदलकर कार्रवाई से बच निकलते हैं।

**बागनदी पुलिस ने बॉर्डर पर की नाकेबंदी, भिलाई के आरोपी पुलिस मूवमेंट की देते थे सूचना, भेजे गए जेल**

### सघन नाकेबंदी कर पकड़े गए आरोपी

सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में बागनदी बॉर्डर क्षेत्र में तत्काल सघन नाकाबंदी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान महाराष्ट्र की ओर से राजनांदगांव प्रवेश कर रही संदिग्ध बोलेरो वाहन को घेराबंदी कर रोका गया। वाहन में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ एवं मोबाइल जांच करने पर यह तथ्य सामने आया कि वे लंबे समय से गौवंशी तस्करों को पायलेट उपलब्ध कराने, पुलिस गतिविधियों की सूचना देने तथा चेकिंग से बचाने का कार्य कर रहे थे। पुलिस द्वारा वाहन के दस्तावेज मांगने पर आरोपी किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद थाना बागनदी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 10 लाख रुपये कीमत की बोलेरो वाहन को मोटर व्हीकल एक्ट एवं धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त किया गया। पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों में दीपेन्द्र बंजारे पिता धनसिंह बंजारे उम्र 21 वर्ष निवासी कैम्प- 01 शांतिपारा एकता नगर भिलाई, शैलेन्द्र भारती पिता चरनु दास भारती उम्र 27 वर्ष निवासी पथर्रा वार्ड नंबर 05 थाना भिलाई-3 जिला दुर्ग शामिल हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जांच के दौरान आरोपी शैलेन्द्र भारती के विरुद्ध गौ-तस्करी के दो पुराने रिकॉर्ड भी पाए गए हैं। पूर्व में जिले में दर्ज अपराधों में इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। बागनदी पुलिस की इस सतर्क एवं प्रभावी कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में सक्रिय गौ-तस्करी नेटवर्क में हड़कंप की स्थिति है।

# पेट्रोल-डीजल और गैस संकट पर कांग्रेस का हमला

खैरागढ़ (दावा)। शहर में बढ़ती महंगाई पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और रसोई गैस संकट को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है लेकिन सरकार केवल बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों पर समय पर ईंधन उपलब्ध नहीं होने से लोगों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है. वहीं रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत ने गृहिणियों की परेशानी और बढ़ा दी है।



**महंगाई ने तोड़ी आम आदमी की कमर, सरकार सिर्फ दावे कर रही - अरुण भारद्वाज**

महंगाई की मार से गरीब मध्यम वर्ग और किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अरुण भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान भाजपा विकास और राहत के बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि का असर अब हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है. परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा विकसित भारत की बातें करने वाली सरकार बताए कि आखिर देश किस दिशा में जा रहा है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, लेकिन सरकार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों में आम आदमी की बजाय बड़े कारोबारियों के हित नजर आते हैं. उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दबाव में है बेरोजगारी बढ़ रही है और ऊपर से बढ़ती महंगाई लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रही है।

### गैस संकट पर भी सरकार घिरी

अरुण भारद्वाज ने कहा कि शहर में कई दिनों से गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित है। समय पर स्टॉक नहीं पहुंचने से उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करे और पेट्रोल-डीजल की समस्या का स्थायी समाधान निकाले। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही महंगाई और ईंधन संकट पर नियंत्रण नहीं किया गया तो पार्टी जनता के साथ सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी. शहर में लगातार बढ़ती कीमतों और ईंधन संकट को लेकर लोगों में भी नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है।

# राष्ट्रहित में मोदी की अपील ऐतिहासिक - त्रिलोक सिंह निक्कू



राजनांदगांव (दावा)। अकाल पुरख की फौज के अध्यक्ष एवं नानक वेलफेयर फाउंडेशन के सह-संस्थापक त्रिलोक सिंह निक्कू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया राष्ट्रहित अपील का समर्थन किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए जो निर्णय लेते हैं वैसी दूरदृष्टि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में दिखाई नहीं देती। श्री निक्कू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार ऐसे सुझाव और योजनाएं लेकर आते हैं जिनका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाना है। लेकिन कांग्रेस हर सकारात्मक पहल का राजनीतिक विरोध कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता जागरूक और समझदार हो चुकी है। जनता अब यह समझने लगी है कि कौन राष्ट्रहित की राजनीति कर रहा है और कौन केवल विरोध की राजनीति में लगा हुआ है। यही कारण है कि लगातार चुनावों में कांग्रेस को जनता का समर्थन नहीं मिल पा रहा है। श्री निक्कू ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से एक वर्ष तक अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने, खाद्य तेल का सीमित उपयोग करने, रासायनिक खाद पर निर्भरता घटाने तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने का भी संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां बेहद संवेदनशील बनी हुई हैं। विशेषकर खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण तेल और गैस की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री द्वारा संसाधनों के संयमित उपयोग और आत्मनिर्भरता की दिशा में देशवासियों से सहयोग मांगना पूरी तरह राष्ट्रहित में लिया गया फैसला है। श्री निक्कू ने कहा कि कांग्रेस इस गंभीर विषय को भी राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझावों का किया समर्थन कहा जनता अब विकास की राजनीति समझ चुकी है**

# स्टार इलेवन की टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन, विजेता टीमें हुई पुरस्कृत

छुरिया (दावा)। क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण अंचल में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। साथ ही इस अवसर पर जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत छुरिया सदस्य बालमुकुंद कुंजाम, मोहन सिन्हा, ओमन सिन्हा, अजय साहू, राधेश्याम सिन्हा, दुर्जन देहाती संरपंच, श्रीमती शैलेन्द्री सिन्हा, बीएल चंद्रवंशी, गणपत सिन्हा, विजय भारतद्वाज, पप्पू निषाद, श्रीमती रितु निषाद, श्रीमती कविता निषाद, श्रीमती हेमन सिन्हा, अश्विनी सिन्हा, गोवर्धन निषाद, अर्जुन सिन्हा, आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र भुआर्य, कप्तान भूपेंद्र साहू समेत आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा मैदान में उपस्थित युवाओं के जोश और खेल के प्रति समर्पण की सराहना की। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला।



**मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला, बोलीं— खेल से बढ़ता है आत्मविश्वास और अनुशासन**

समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। गांवों के युवा खेल, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में निरंतर अपनी पहचान बना रहे हैं। आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच एवं अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, संघर्ष, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का भी प्रतीक है। खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे एवं गलत प्रवृत्तियों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में ग्रामीण प्रतिभाएं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने भी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी, खेलप्रेमी, ग्रामीणजन एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में युवाओं का उत्साह, दर्शकों की तालियां एवं खेल भावना आकर्षण का केंद्र रही।अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब एवं समस्त आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र में भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

## अनमोल दावा

**जिस व्यक्ति ने कभी कोई गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।**

## सम्पादकीय

### मेडिकल प्रवेश 'नीट' प्रकरण, पुनः परीक्षा, दुर्भाग्यजनक व शर्मनाक

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) फिर एक मर्तबे असफल हो गई है। यह डॉक्टर बनने का सपना देखने वालों के लिए अत्यन्त दु:खद है और हमारे देश का यह दुर्भाग्य है। उल्लेखनीय कि, 2024 में भी 'नीट' में हुई अनियमितता के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। कई केन्द्रों में फिर से परीक्षा का आयोजन हुआ था। यह केवल परीक्षा का पेपर लीक होने की घटना नहीं है। परन्तु, देश की प्रतिभा और उनके भविष्य के साथ खेला गया क्रूर मजाक है। पेपर फूटने के मामले में सख्त नियम-कानून होने व कड़े दण्ड का प्रावधान होने के बावजूद पेपर लीक होते हैं? तब इसे देश के परीक्षाओं के प्रबंधन पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठता है। क्या हमारे देश में पारदर्शक परीक्षा प्रणाली विकसित करना असंभव है? सर्वप्रथम तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफा लेना चाहिए। यह नैतिक कार्यवाही का तकाजा है। क्योंकि, पेपर लीक माफिया भलिभांति जानते हैं कि इसे लेकर मचा हंगामा, ऊहापोह कुछ दिनों तक चलेगा। बाद में, समस्याग्रस्त जनता सबकुछ भूल जाएगी और मामला ठण्डे बस्ते में चला जाएगा।

नि:संदेह पेपर लीक मामले में मोदी सरकार की किरकिरी तो रही है और सीबीआई इस मामले में तेजी से गहन जांच पड़ताल कर रही है। मामले का मुख्य सरगना और उससे जुड़े भ्रष्ट रैकेट तक सीबीआई पहुंचने में सफल हुई है। संबंधित लिप्तता वाली कड़ियों को हिरासत में लिया जा रहा है, कई फरार भी हैं। उधर, प्रभावित छात्र-छात्राएं हताशा में आत्महत्या कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि 'नीट' देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है। परीक्षा रद्द करने और पुन: परीक्षा लेने की नि:शुल्क तारीख भी निधारित हो गई है। अब एन.डी.ए. सरकार ने ओएमआर शीट के बदले आनलाईन परीक्षा लेने का निर्णय लिया है। इस समय के पेपर लीक होने से लाखों युवाओं के सपने और उनके पालकों का विश्वास चकनाचूर हो गया है। ऐसा सभी का कथन है। किन्तु, यह अर्द्धसत्य है। वास्तव में, इस घटना ने सरकारी व्यवस्था मशीनरीज की धांधलियों को उजागर किया है। यह सत्य है कि जो आत्महत्या कर चुके उन विद्यार्थियों को छोड़कर नीट रद्द होने से लाखों विद्यार्थियों को फिर से परीक्षा देनी पड़ेगी।

वास्तविक समस्या मैनेजमेन्ट की नहीं है, परन्तु मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के आसपास रही 'पूंजी' है। मेडिकल कालेज की सीटें, खास करके निजी संस्थाओं में, अरबों रूपयों की हेराफेरी का समावेश होता है। जब इतना मोटा पैसा दांव पर लगा हो, तब शक्तिशाली व्यक्तियों और प्रभावशाली जनों का नेटवर्क सक्रिय हो जाता है। शायद यही कारण है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक को रोकने के लिए जो गंभीरता होनी चाहिए, उस प्रकार की कार्यवाही होती नहीं। प्रश्नपत्रों को तैयार करना और मुद्रित करना, फिर उसे जिला स्तरीय तिजोरी तक भेजना और वहां से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने की वर्तमान प्रणाली में इतनी ज्यादा सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं का समावेश होता है। इस कारण, इसे ''फूलप्रूफ'' बनाना बहुत मुश्किल है। इस सिस्टम में कोई भी कमजोर कड़ी अथवा भौतिक शक्ति के द्वारा किसी को भी तोड़ा जा सकता है।

अगर हमें पेपर लीक की समस्या का स्थायी समाधान चाहिए तो वर्तमान सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन करना पड़ेगा। जो असंभव नहीं है। पिछली भूलों के मद्देनजर सीख लेते हुए प्रत्येक प्रबंध की गोपनीयता रखने गंभीरता के साथ काम करना होगा।

# विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025

धनंजय राठौर, (संयुक्त संचालक), सुनील त्रिपाठी, (सहायक संचालक)

रायपुर, (दावा)। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका और समग्र विकास को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से श्विकसित भारत-जी राम जी (VB-G RAM G) अधिनियम, 2025 अधिसूचित किया गया है। यह क्रांतिकारी कानून 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में प्रभावी होगा और वर्तमान मनरेगा का स्थान लेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस नई व्यवस्था को प्रदेश में पूरी तत्परता से लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है।



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अधिनियम को ग्रामीण समृद्धि का आधार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में यह अधिनियम एक मील का पत्थर है। छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य के लिए 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी हमारे ग्रामीण भाई-बहनों के जीवन में आर्थिक स्थिरता और खुशहाली का नया सवेरा लेकर आएगी। हमारी सरकार इस व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

### अधिनियम की प्रमुख विशेषताएँ और लाभ

125 दिनों के रोजगार की गारंटी नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की वैधानिक गारंटी मिलेगी। यह वर्तमान 100 दिनों की सीमा से 25 प्रतिशत अधिक है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस योजना हेतु 95 हजार 692.31 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट प्रावधान किया है। राज्यों के अंशदान सहित कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक होगा। मजदूरी का भुगतान सीधे श्रमिकों के खातों में साप्ताहिक आधार पर या मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। देरी होने पर श्रमिक श्विलंब क्षतिपूर्तिश् के हकदार होंगे। यदि काम की मांग करने के निर्धारित समय के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो शासन द्वारा संबंधित श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों के चयन के लिए अधिक अधिकार दिए गए हैं, जिससे गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों (जैसे जल संरक्षण, कृषि अधोसंरचना) का निर्माण होगा।

### सुगम संक्रमण की व्यवस्था

श्रमिकों और प्रशासन की सुविधा के लिए निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं। वर्तमान ई-केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड तब तक मान्य रहेंगे जब तक नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी नहीं हो जाते। 30 जून 2026 तक मनरेगा के तहत चल रहे सभी कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगे और 1 जुलाई से स्वत: नई व्यवस्था में समाहित हो जाएंगे। नए श्रमिक ग्राम पंचायत स्तर पर सहजता से अपना पंजीयन करा सकेंगे।

### विकसित भारत - 2047 का आधार

यह अधिनियम केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और उत्पादक बनाने का महा-अभियान है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण अधोसंरचना, जल संरक्षण और कृषि सुधार को अभूतपूर्व गति मिलेगी, जो राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में तेजी से आगे ले जाएगी।

## विचार सरिता

# हंसी के किस्से : वट सावित्री व्रत और कवि पेट्रोल पंप जाके लाइन में लगने हुए तैयार



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

कवि कुमार सुबह-सुबह अपनी कविता को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। भीषण गर्मी के कारण मस्तिष्क में कोई नया बिंब नहीं उभर पा रहा है और वे बार-बार झुंझला उठते हैं। तभी बाहर गेट के पास स्कूटी के आने की ध्वनि हुई। कवि अन्यमनस्क से बैठे ही थे कि गेट खोलकर एक नवयुवती ने भीतर प्रवेश किया। लंबी कुर्ती और जींस पहनी हुई उस आधुनिका ने धूप से बचने के लिए आँखों में काला चश्मा लगाया हुआ है। सिर, मुख और गले में डिजाइन वाला स्कार्फ बंधा हुआ है। पहले तो कवि ने सोचा कि जनगणना वाली प्रगणक कोई छूट गई जानकारी लेने फिर से आई है, क्योंकि इस वेशभूषा में कवि उसे पहचान नहीं पा रहे हैं। तभी थोड़ा और नजदीक आती हुई वह युवती बोल पड़ी, ''ओह? हो जीजाजी। आपने अपनी साली साहिबा को नहीं पहचाना।''

''अरे चंद्रमुखी तुम? तुम तो पूरी ग्रीष्म योद्धा (कवि ने सावधानी बरतते हुए ग्रीष्म सुंदरी शब्द का प्रयोग नहीं किया) लग रही हो। तुम गर्मी को पराजित करके ही मानोगी। जहाँ तुम पहुंचोगी, वहाँ शीतलता और ठंडक भी अपने आप पहुँच जाएगी।'' कवि कुमार ने विनोद करते हुए कहा।

''थैंक यू जीजू'' कहते हुए चंद्रमुखी भीतर आकर कवि के बगल में सोफे पर बैठ गई। वार्तालाप शुरू हुआ।

उसने पूछा, ''दीदी कहाँ है?''

''किचन में है।''

''पर आज तो उनका वट सावित्री का व्रत है।''

''हाँ। मैंने उसे विश्राम करने के लिए कहा है पर उसने मुझे खाना बनाने से मना कर दिया।''

''आप उनके पति परमेश्वर जो हो। पर एक बात है

जीजू! आप हमारी जीजी का अच्छी तरह खयाल नहीं रख रहे हैं।'' चंद्रमुखी ने कहा।

कवि ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा, ''वह कैसे?''

''आपकी स्कूटी में पेट्रोल है या नहीं।'' चंद्रमुखी ने पूछा।

''हां एक - दो लीटर होगा।'' कवि ने लापरवाहीपूर्वक जवाब दिया।

''तो आप जीजी को शॉपिंग कैसे कराएँगे? मैं अभी पेट्रोल पंप से आ रही हूँ। पेट्रोल लेने वाले वाहनों की लंबी कतार है वहाँ। जाइए, आप भी जाकर पेट्रोल टंकी फुल करवा आइए।'' चंद्रमुखी ने आज की ताज़ा खबर बताई।

''लोग व्यर्थ ही पैनिक हो रहे हैं चंद्रमुखी। सरकार ने कहा ही है कि डीजल-पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है।'' कवि ने सकारात्मक स्वर में कहा।

तभी किचन से बाहर आकर मुस्कुराती हुई पत्नी ने कहा, ''अब सरकार आपके घर तो पेट्रोल लाएगी नहीं, गाड़ी को पेट्रोल पंप तो आपको ही ले जाना होगा।''

पत्नी और साली दोनों के सुर मिल गए। कवि कविता लेखन छोड़कर अपनी गाड़ी की ओर फौरन लपके।

अब पत्नी रिमझिम ने कहा, ''पति परमेश्वर जी। जरा ठहरें। पहले मैं और चंद्रमुखी वट सावित्री की पूजा कर वापस आते हैं। फिर आप स्कूटी की पेट-पूजा के लिए प्रस्थान करें।''

कवि फिर सोफे पर विराजमान हो गए और चंद्रमुखी कुर्ती और जींस के बदले पूजा के लिए साड़ी पहनने कमरे के भीतर चली गई।

# बच्चों के दिमाग के लिए 'जंक फूड' जैसी है Reels देखने की लत, फोकस और याददाश्त पर पड़ रहा बुरा असर



कोरोना महामारी के बाद से हमारे कंटेंट देखने के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आज इंटरनेट पर शॉर्ट-फॉर्म वीडियो और रील्स का ही दबदबा है। लोग लगातार एक के बाद एक शॉर्ट वीडियो देखते रहते हैं और बिना थके स्क्रीन स्क्रॉल करते रहते हैं।

इसका नतीजा यह हो रहा है कि हमारे दिमाग को बहुत छोटे-छोटे हिस्सों में जानकारी लेने की आदत पड़ रही है, जिससे हमें रुकने, सोचने और चीजों को गहराई से समझने का समय ही नहीं मिल रहा है। कैलाश दीपक अस्पताल के कंसल्टेंट और नियोनेटोलॉजिस्ट, डॉ. अविजीत प्रकाश यादव के अनुसार, इस आदत का सीधा असर हमारे फोकस, याददाश्त और उन कामों पर पड़ रहा है जिनमें धैर्य या लगातार सोचने की जरूरत होती है।

वैसे तो यह समस्या हर उम्र के लोगों में देखी जा रही है, लेकिन बच्चों पर इसका सबसे ज्यादा खतरा है। आज के बच्चे बहुत छोटी उम्र से ही स्क्रीन की दुनिया में बड़े हो रहे हैं। उनका दिमाग अभी विकास के चरण में है, खासकर वह हिस्सा जो एकाग्रता, भावनाओं को नियंत्रित करने और कुछ नया सीखने से जुड़ा है।

जब बच्चे लगातार तेज गति वाला कंटेंट देखते हैं, तो स्क्रीन पर होने वाले हर स्वाइप के साथ उनके दिमाग को %डोपामाइन% नाम के केमिकल का एक इंस्टेंट रिवॉर्ड मिलता है। यह केमिकल खुशी और आदत बनाने से जुड़ा है। धीरे-धीरे दिमाग को इस तेज उत्तेजना की तलब लगने लगती है। इसके कारण पढ़ाई करना, किताबें पढ़ना या सामान्य बातचीत जैसी रोजमर्रा की गतिविधियां उन्हें उबाऊ और कम दिलचस्प लगने लगती हैं।

यही कारण है कि शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट की तुलना दिमाग के लिए %जंक फूड% से की जाती है, और सच कहा जाए तो यह तुलना बिल्कुल सटीक है। यह उस पल में तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से दिमाग की धीमी और अधिक अर्थपूर्ण गतिविधियों को बर्दाश्त करने की क्षमता धीरे-धीरे कम हो जाती है।

माता-पिता को इसके शुरुआती चेतावनी संकेतों पर जरूर ध्यान देना चाहिए। यदि आपका बच्चा बिना फोन के बेचैन हो जाता है, होमवर्क करने के लिए एक जगह नहीं बैठ पाता, बार-बार चीजें भूलने लगता है, या बाहर खेलने और लोगों से मिलने-जुलने में उसकी दिलचस्पी खत्म हो गई है, तो यह अनहेल्दी स्क्रीन टाइम या इंटरनेट एडिक्शन का संकेत हो सकता है।

इस समस्या का समाधान बच्चों पर पूरी तरह से स्क्रीन का बैन लगाना नहीं है, बल्कि एक सही संतुलन बनाना है। बच्चों के स्वस्थ मानसिक विकास और भावनात्मक भलाई के लिए यह बहुत जरूरी है कि वे कभी-कभी बोरियत भी महसूस करें। उन्हें किताबें पढ़ने, बाहर खुले में खेलने, नई हॉबीज अपनाने, पूरी नींद लेने और बिना किसी रुकावट के सोचने का पर्याप्त समय मिलना चाहिए, क्योंकि ये सभी अनुभव उनकी ओवरऑल ग्रोथ के लिए बेहद जरूरी हैं।



## सामयिक चर्चा

### हमारी जीवन संगिनी है महंगाई

बाहर से आकर, सोफे पर,
आराम से बैठकर,
फिर पसीना पोंछ कर,
बानी से बोले गजाधर -
''पहले एक गिलास ठंडा पानी पिलाओ!
फिर कोई नयी खबर सुनाओ!
बानी ने पढ़ा -
''तेल विपणन कम्पनियों ने
शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की
कीमतों में बढ़ोत्तरी कर दी।
साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली
और आसपास के शहरों में
सीएनजी भी महंगी हो गई।
गजाधर चिढ़ से उठे
''मैंने आपसे नयी खबर
सुनाने को कहा था भाई!
और तुमने सुना दी खबर महंगाई।
यह नयी खबर कहाँ?
मैं तो जब तब कहते रहता हूँ
और आज भी कहता हूँ यहाँ
कि महंगाई हमारा साथ, कहाँ छोड़ती है?
वह तो हमारे जनम से मरने तक
हमारे साथ रहती है।
इसीलिए तो बानी भाई!
हमारी जीवन संगिनी है महंगाई।''



शनिवार 16 मई 2026

गिरीश बख्शी

## कविता

### रक्तदान महादान





रक्तदान से बढ़ता जीवन बड़े,
बुजुर्ग और बचपन की ।
नहीं जरूरत धन दान की
और करोड़ों-अरबों अर्पण की ।।
रक्त दान से बढ़ता........
बचपन है मासुमियत ढूंढता
बड़े- बूढ़ों का यही सहारा है ।
हर दान से बढ़कर समझो,
बड़ा रक्तदान हमारा है।
बीमारी से लड़ने की ताक़त देता,
और थैलीसेमिया से अनबन की।।
रक्तदान से बढ़ता......
मुश्किल है इस रोग से लड़ना
विकराल हुआ हैं जंग अभी
सुभाष चंद्र के भक्त हैं हम
इतने नहीं हैं, तंग कभी।
रक्तदान कर जान बचाने
साथ खड़े हैं नवजीवन की।।
रक्त दान से बढ़ता........
पुण्य कार्य में आओ सभी
मिलकर हम हाथ बढ़ायें ।
रक्तदान की हर एक बूंद से
मिलकर जान बचायें ।।
हरियाली के रंग भरें इनके
जीवन के मधुबन की।।
रक्तदान से बढ़ता.......
गूंज उठे समाज में चहुं ओर,
यही हमारा नारा हो
संकल्प हो रक्तदान महादान की
बहती इसकी क्रांति धारा हो ।।
बने वजह हम थैलीसेमिक के
हँसी खुशी और तन मन की।।
रक्तदान से बढ़ता जीवन
बड़े बुजुर्ग और बचपन की ।।
रक्तदान से बढ़ता जीवन.....

सुषमा शुक्ला ''अंशुमन'', राजनादगांव

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा है लेकिन आवेश में आकर कोई भी फैसला लेने से आपको बचना होगा। नौकरी में दिन आपका अनुकूल बीतेगा। आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। कुछ नई योजनाओं की भी शुरुआत हो सकती है। बिजनेस में आपको लाभ का मौका मिलेगा। परिवार में शुभ काम और धार्मिक कार्य हो सकता है। भाग्य आपका 84 प्रतिशत तक साथ देगा।

**वृष राशि** — वृषभ राशि के जातको के लिए 17 मई का दिन आर्थिक रूप से अनुकूल रहेगा। कमाई आपकी बनी रहेगी। बिजनेस मे भी आपको लाभ मिलेगा। सूर्य बुध की युति से आपको कारोबार में बड़ा मौका मिलेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। फैमिली लाइफ में आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। सुख साधनों की प्राप्ति होगी। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। परिजनों के साथ मनोरंजक समय बिता पाएंगे। बच्चों से खुशी मिलेगी।

**मिथुन** — मिथुन राशि के जातको के लिए 17 मई का दिन सुखद रहेगा। आपके परिवार में शुभ मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मित्रों से आपको सहयोग मिलेगा। शुक्र और गुरु की युति राशि में होने से आपका व्यक्तित्व भी आकर्षक बनेगा जिससे आपको फायदा मिलेगा आप अपने विरोधियों और शत्रुओं को भी प्रभावित कर पाएंगे। बुद्धि कुशलता और योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। घर पर मित्रों और सगे संबंधियों के आगमन में चहल-पहल रहेगी।

**कर्क** — कर्क राशि के जातकों के लिए कल चंद्रमा का गोचर शुभ रहेगा। आप अपने पारिवारिक जीवन में सुख और सहयोग पाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ किसी शुभ काम में शामिल होने का मौका मिल सकता है। यात्रा का भी संयोग बनेगा। नौकरी में दिन आपका अनुकूल बीतेगा। काम के साथ ही साथ आप मनोरंजक समय का भी आनंद ले पाएंगे। किसी मित्र या पूर्व परिचित से मिलने का संयोग बनेगा।

**सिंह** — सिंह राशि के जातकों के लिए कल 17 मई का दिन परिश्रम से बढ़कर लाभ दिलाने वाला रहेगा। सूर्य का वृषभ राशि में गोचर आपके लिए शुभ रहेगा। नौकरी में आपको अधिकारी वर्ग से तालमेल बनाकर चलना होगा इससे आपको करियर में प्रगति का मौका मिलेगा। आपके अधिकारीगण आपके ऊपर कुछ नई जिम्मेदारी डाल सकते हैं। मित्रों के साथ तालमेल बना रहेगा। कोई चाहत आपकी पूरी होगी।

**कन्या** — कन्या राशि के जातकों के लिए कल 17 मई का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपको अपने व्यक्तित्व और बातचीत की कला का फायदा मिलेगा। नौकरी में आपका दिन अनुकूल बीतेगा। आप अपना काम समय से पूरा कर पाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में कन्या राशि के जातकों का प्रदर्शन बेहतर होगा। पड़ोसियों से भी आप सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। कुछ नए संपर्क भी बनेंगे जिनसे आपको भविष्य में फायदा मिलेगा। लव लाइफ मे प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

**तुला** — तुला राशि के जातक बेहतर कम्युनिकेशन क्षमता से लाभ उठा पाएंगे। राशि से सप्तम भाव में चंद्रमा का गोचर और भाग्य भाव में शुक्र का गोचर आपके लिए अप्रत्याशित लाभ का संयोग बनाएगा। आपको परिवार और पिता पक्ष से लाभ मिल सकता है। आप अपनी पूर्व योजनाओं और परिश्रम का लाभ ले पाएंगे। आपको अपनी व्यवहार कुशलता और परिवार के सहयोग से भी फायदा मिलेगा। फैमिली बिजनेस में लाभ पाएंगे।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल का दिन 17 मई का दिन मनोबल बढ़ाने वाला रहेगा। नौकरी मे आपका दिन अनुकूल बीतेगा। आप अपने काम को तत्परता से पूरा कर पाएंगे। आर्थिक मामलों में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। बिजनेस मे आपको कुछ नई डील मिल सकती है। पारिवारिक जीवन मे भाइयों से आपको सहयोग मिलेगा। आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा और आप साहसिक फैसला भी ले पाएंगे।

**धनु** — धनु राशि के लोगों को कल गुरु शुक्र एवं चंद्रमा के शुभ गोचर का फायदा मिलेगा। आप धर्म कर्म और आध्यात्मिक विषयों में रुचि लेंगे। किसी सामाजिक काम में भाग लेने का भी आपको मिल सकता है। कमाई में वृद्धि होगी। बिजनेस में आप कुछ नया काम शुरू कर सकते हैं। आपकी आर्थिक योजनाओं को बल मिलेगा। कोई रुका हुआ काम आपका शुरू हो सकता है। धनु राशि के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

**मकर** — मकर राशि के जातकों के लिए कल 16 मई का दिन चंद्रमा के मेष राशि में गोचर से शुभ रहेगा। राशि स्वामी शनि की कृपा भी आप पर बनी रहेगी। मेहनत के बढकर आप सफलता पाएंगे। कार्य में गति आएगी, काफी समय से सोचा हुआ काम शुरू हो सकता है। वाहन और सुख साधनों की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन में सुख सहयोग बना रहेगा। लव लाइफ के मामले में भी दिन आपके पक्ष में है, प्रेमी के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**कुंभ** — कुंभ राशि के लोगों के लिए कल यानी 17 मई का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको मानसिक शांति बनाए रखने की जरूरत है। राशि में बैठा राहु और उल्टे सीधे विचारों से उलझा सकता है। जबकि आपको भाईयों से सहयोग मिल पाएगा। कुछ अप्रत्याशित खर्च भी हो सकते हैं। सेहत के मामले में भी आपको अपना ध्यान रखना होगा। जीवनसाथी के साथ आपको सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा।

**मीन** — मीन राशि के लोगों के लिए कल का दिन आर्थिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। नौकरी में आपका दिन अनुकूल बीतेगा। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। पिता और बड़े भाई से सहयोग मिलेगा। लेकिन आपको अपनी सेहत के साथ ही साथ विरोधियो से भी सतर्क रहने की जरूरत है। आपकी कोई पुरानी चाहत पूरी होगी। पारिवारिक जीवन मे सुख सहयोग बना रहेगा। पिता के साथ तालमेल बनाए रखें, किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है।

# छुईखदान में आस्था के साथ मनाया वट सावित्री पर्व, सुहागिनों ने की अखंड सौभाग्य की कामना

छुईखदान (दावा)। वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर छुईखदान नगर पूरी तरह से धार्मिक आस्था और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। नगर के डीपरा पारा स्थित पुराना थाना परिसर के प्राचीन वट वृक्ष और बड़े तालाब के पास स्थित बरगद पेड़ के नीचे सुबह से ही सुहागिन महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान और अटूट श्रद्धाभाव के साथ व्रत का पालन करते हुए पति की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही महिलाएं पूजा की थाली, फल-फूल, धूप-दीप, कलश एवं अन्य आवश्यक सामग्री लेकर वट वृक्षों के पास पहुंचने लगी थीं। देखते ही देखते पूजा स्थलों पर भारी भीड़ जुट गई और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



**पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर बांधा रक्षा सूत्र, डीपरा पारा व बड़े तालाब में उमड़ा हुजूम**

### तप और समर्पण की सुनी कथा, बांटा गया शरबत

पूजा के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण किया। माता सावित्री के तप, समर्पण और पति सत्यवान के प्रति उनके अटूट प्रेम की कहानी सुन महिलाओं ने अपने वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए वार्ड पार्षद निधि शैलेंद्र तिवारी द्वारा पूजा करने पहुंचीं महिलाओं को शीतल शरबत का वितरण किया गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली।

### 108 परिक्रमा कर सुख-शांति की प्रार्थना

सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद तने पर सूत लपेटते हुए रक्षा सूत्र बांधा। महिलाओं ने सुख-शांति के लिए वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन भी किए, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर व्रत की शुभकामनाएं दीं, जिससे वहां सामाजिक और सांस्कृतिक एकता की सुंदर तस्वीर देखने को मिली।

### अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है यह व्रत : पंडित शैलेंद्र

नगर के विद्वान पंडित शैलेंद्र तिवारी ने पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन वट वृक्ष (बरगद) की पूजा करने और व्रत रखने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है तथा यमराज के प्रकोप से रक्षा होकर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मुख्य रूप से शशि तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, निधि तिवारी, दीप्ति तिवारी, मनीषा शुक्ला, श्यामा तिवारी, अंजू तिवारी, श्रद्धा वैष्णव, दिशा जैन, चेतना चंद्राकर, उषा चंद्राकर, प्रज्ञा चंद्राकर, पूर्वी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रजमत चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर और धनेश्वरी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं अपने बच्चों और परिजनों के साथ उपस्थित रहीं।

## पति की लंबी उम्र के लिए वटसावित्री व्रत



डोंगरगढ़ (दावा)। मां रणचंडी मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं द्वारा पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत के दौरान सुबह से निर्जला उपवास कर वट वृक्ष की बड़े ही श्रद्धा से पूजा की। कथा श्रवण के पश्चात जल ग्रहण किया। वटसावित्री व्रत के दौरान मां रणचंडी मंदिर स्थित वट वृक्ष में अंचला सिंह ठाकुर,सरिता दुबे ,पदमा परिहार, रश्मि दुबे, प्रियंका दुबे, रजनी मुनेश्वर, गीता मिश्रा, शीखा, रेखा बिसेन, पुनम राजपूत, पुष्पा राजपूत, गढ़ेवाल मैडम सहित बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा सुबह से 4 बजे तक पुजा करने पहुंचे।

# 'सुशासन तिहार' शिविर में उमड़े वार्डवासी, मौके पर ही दूर हुई कई जनसमस्याएं



छुरिया (दावा)। शासन के निर्देशानुसार आज नगर पंचायत छुरिया में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 मई को वार्ड क्रमांक 12 सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी, नागरिकगणों ने पहुंचकर अपनी मांग एवं समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर के दौरान कुल 210 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 6 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। अधिकांश मांग राशन कार्ड बनाने एवं नाम जुड़वाने, वृद्धावस्था पेंशन, पर्चा पटटा, आवास योजना और बिजली बिल में सुधार से संबंधित थीं। श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रम विभाग की योजनाओं से अवगत कराते हुए 8 आवेदकों का भवन संन्निर्माण एवं असंगठित कर्मकार पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाकर उपस्थित प्रतिभागियों को पोषण परामर्श दिया गया। सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

**छुरिया में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आए 210 आवेदन, स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बांटे गए आयुष्मान कार्ड और श्रम पंजीयन प्रमाण पत्र**

साथ ही 2 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई माननीय नगर अध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष नेताम एवं पार्षदगण सलूजा कोमरे, श्रीमती भावना ठाकुर, टामेश्वर कुंभकार, अनिल लारोकर, रोशन रजक के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 62 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं 26 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उक्त शिविर मे नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष भूषण नेताम एवं पार्षदगण श्रीमती सलूजा कोमरे, श्रीमती भावना ठाकुर, टामेश्वर कुंभकार, अमिल लारोकर, रोशन रजक सुशासन तिहार के नोडल अधिकारी श्रीमती अकांक्षा साहू तहसीलदार छुरिया, लाल अजय बहादुर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, विद्युत मंडल छुरिया, क्रेडा विभाग छुरिया, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से डोंगरगांव में भारी तबाही, थमी रफ्तार



**कहीं पेड़ धराशायी तो कहीं उड़े शेड, 11 केव्ही का तार टूटने से पूरे शहर में पसरा अंधेरा**

डोंगरगांव (दावा)। शनिवार को बेहद तेज गर्मी के बाद शाम को अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज आंधी तूफान और बारिश ने नगर अनेक हिस्सों में जबरदस्त तबाही मचाई है।

बता दें कि शाम करीब 5 बजे से मौसम ने अपना रुख बदला और तीव्र वेग से आंधी तूफान चालू हो गया। इसके साथ तेज बारिश में ओले भी गिरे। इस अंधड़ में कृष उपज मंडी के पुराने गोदाम का शेड उड़ गया और पास ही पेड़ गिर गया। हालांकि कोई जनहानि की अभी सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार नर्सरी के पास भी बड़ा पेड़ गिरने के कारण स्टेट हाइवे में चलने वाले राहगीर जान बचा कर निकलते रहे। वहीं विद्युत सप्लाई करने वाला 11 केव्ही का तार टूटने से पूरे शहर में अंधेरे पसर गया। वहीं वार्ड नंबर 2 में भी पेड़ गिरने की जानकारी प्राप्त हुई है। करीब आधे घंटे की इस आंधी तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाई है।

# पूज्य भंते सरीपुत्र एवं भिक्खुनी माता कल्याण बोधि के आगमन से खैरागढ़ में गूंजा बुद्ध धम्म का संदेश



खैरागढ़ (दावा)। धर्म, करुणा और मानव समानता के संदेश के साथ पूज्य भंते सरीपुत्र एवं पूज्य भिक्खुनी माता कल्याण बोधि डोंगरगढ़ का शुक्रवार को खैरागढ़ आगमन हुआ। एकदिवसीय प्रवास पर पहुंचे पूज्य भंतेद्वय का बौद्ध समाज एवं महाबोधि बुद्ध विहार कल्याण समिति द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। दाऊचौरा स्थित महाबोधी बुद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में भिक्षु संघ ने उपासक एवं उपासिकाओं के साथ त्रिशरण एवं पंचशील का पाठ कराया तथा बुद्ध वंदना संपन्न कराई। पूज्य भंतेजनों ने भगवान बुद्ध के धम्म तथा भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर द्वारा स्थापित समानता, मानवता और सामाजिक न्याय की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बुद्ध धम्म विश्व शांति, सद्भाव और समता का मार्ग प्रशस्त करता है तथा वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। धम्म देशना के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने करुणा, मैत्री एवं सदाचार पर आधारित उपदेशों का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक मधुकर चोखान्द्रे, प्रमुख सलाहकार अनुराग शांति तुरे, अध्यक्ष उत्तम बागड़े, महिला अध्यक्ष कविता नागदेवे, अनिल सहारे, सचिव विमल बोरकर, यामिनी नागदेवे सहित बड़ी संख्या में उपासक एवं उपासिकाएं उपस्थित रहीं। इसके पश्चात महाबोधि बुद्ध विहार कल्याण समिति के सानिध्य में सात्विक भोजन ग्रहण करने उपरांत पूज्य भंतेद्वय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के समीप बौद्ध समाज की निर्माणाधीन भूमि पर पहुंचे। यहां स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष विश्व शांति एवं जनकल्याण की भावना के साथ विशेष वंदना की गई। इस अवसर पर इंजीनियर कुंवर नागदेवे एवं बॉबी नागदौने विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, अनुशासन एवं आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। पूज्य भंतेजनों के आगमन से खैरागढ़ के बौद्ध समाज में विशेष उत्साह एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

**महाबोधि बुद्ध विहार में त्रिशरण-पंचशील व बुद्ध वंदना का हुआ आयोजन, दिया समानता और करुणा का संदेश**

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में खालसा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम



SHREYANSH AGRAWAL 93.6% | RIDDHI JAIN 93% | ANANT AGRAWAL 92.6 % | BHAVESH YADAV 92.4 % | AANCHAL JANGHEL 92.4 % | CHANPREET KAUR BHATIA 90.2 % | NISHIKA TEMBHRE 88 % | AARYA AGRAWAL 88 %

डोंगरगढ़ (दावा)। खालसा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विकासखंड के अलावा जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

सी बी एस ई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय के छात्र श्रेयांश अग्रवाल ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर पूरे डोंगरगढ़ में सर्वप्रथम तथा जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय के छात्र भावेश यादव ने 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर डोंगरगढ़ में प्रथम तथा जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान संकाय की छात्रा निशिका टेम्भरे ने 88 प्रतिशत अंक के साथ नगर में द्वितीय तथा जिले में छठवां स्थान प्राप्त कर खालसा पब्लिक स्कूल को गौरवान्वित किया। सिख एजुकेशन सोसाइटी, खालसा पब्लिक स्कूल द्वारा शिक्षा को विशेष महत्व देते हुए इस वर्ष कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया गया है। विद्यालय ने विगत कई वर्षों का रिकॉर्ड कायम रखते हुए डोंगरगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरव की बात यह है कि छात्र भावेश यादव ने एकमात्र पूरे डोंगरगढ़ में जी एडवांस क्वालीफाई किया है। प्राचार्या तथा विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हैं। अध्यक्ष एवं समितिगण के नेतृत्व के साथ खालसा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती शिवप्रीत कौर ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए कहा की आगामी वर्ष में भी उत्कृष्ट परिणाम का कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।

**श्रेयांश अग्रवाल 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ डोंगरगढ़ टॉपर व जिले में पांचवें स्थान पर, भावेश यादव ने किया जेईई**

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना लक्ष्य - अरोरा

सिख एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह अरोरा का मुख्य उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान प्रदान करना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है एवं विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करना है। जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान देकर उसे निखार सके। अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह अरोरा, समिति के सदस्यगण एवं प्राचार्या श्रीमती शिवप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विद्यालय ने निस्वार्थ भाव से छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन के कारण यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

# सूखे कुएं में गिरे बछड़े को पुलिस ने सुरक्षित निकाला, आरक्षक धनेश्वर ठाकुर ने दिखाई बहादुरी



खैरागढ़ (दावा)। शहर के धनेली वार्ड में एक सूखे कुएं में गिरे बेजुबान बछड़े को खैरागढ़ पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मुस्तैदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में थाना खैरागढ़ में पदस्थ आरक्षक धनेश्वर ठाकुर ने अदम्य साहस और मानवता का परिचय देते हुए खुद गहरे कुएं में उतरकर बछड़े की जान बचाई। पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार धनेली वार्ड में एक लावारिस बछड़ा पिछले लगभग डेढ़ दिन से एक सूखे कुएं में गिरा हुआ था और बाहर निकलने के लिए तड़प रहा था। शुक्रवार को जब ग्रामीणों की नजर कुएं पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आरक्षक क्रमांक 126 धनेश्वर ठाकुर बिना वक्त गंवाए तत्काल मौके पर पहुंचे। कुएं की गहराई और स्थिति गंभीर होने के बावजूद उन्होंने हौसला नहीं खोया। आरक्षक धनेश्वर खुद कुएं के भीतर उतरे और ग्रामीणों से रस्सी व साड़ियां मंगाकर बछड़े को बांधने के लिए एक सुरक्षित फंदा तैयार किया। इसके बाद ऊपर खड़े ग्रामीणों की मदद से बछड़े को बिना किसी चोट के सुरक्षित बाहर खींच लिया गया।

### खाकी का मानवीय चेहरा : बेजुबानों की सुरक्षा के लिए भी तत्पर पुलिस

कुएं से बाहर आते ही बछड़े ने राहत की सांस ली। इस सफल रेस्क्यू को देखकर मौके पर मौजूद वार्डवासियों ने तालियां बजाकर खैरागढ़ पुलिस और आरक्षक धनेश्वर ठाकुर के साहस की सराहना की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खैरागढ़ पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि आमजन के साथ-साथ बेजुबान पशुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए भी निरंतर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर खाकी का मानवीय और मददगार चेहरा समाज के सामने लाया है।

# 20 मई को बंद रहेंगी डोंगरगांव की दवा दुकानें, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**ई-फार्मेसी पर प्रतिबंध सहित कई मांगों को लेकर केमिस्ट एसोसिएशन का देशव्यापी बंद को समर्थन**

डोंगरगांव (दावा)। नगर के दवा विक्रेताओं ने 20 मई बुधवार को अपने मांगों को लेकर एक दिवसीय बंद करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन (सीसीडीए) तथा राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के बैनर तले किये जा रहे एक दिवसीय राष्ट्रयापी दवा व्यापार बंद के समर्थन में डोंगरगांव के व्यापारियों ने भी अग्रिम सूचना देते हुए हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा है।

इस पत्र के माध्यम से दवा व्यापारियों ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया है कि 26 मार्च 2020 की अधिसूचना जीएसआर 220(ई) जो कोविड-19 महामारी के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में जारी की गई थी।

वर्तमान में महामारी समाप्त होने के बावजूद इस अधिसूचना का निरंतर प्रभाव कई स्थानों पर दुरुपयोग का कारण बन रहा है। जिससे औषधि संबंधी सुरक्षा प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा है। इसके साथ ही अनेक मांगें रखी गई है। जिसमें प्रमुख रूप से अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध एवं 28 अगस्त 2018 की अधिसूचना जी.एस.आर. 817(ई) की वापसी, बड़े कॉरपोरेट संस्थानों द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी मूल्य निर्धारण(हिंसक मूल्य निर्धारण) की नीति पर रोक, दिनांक 26 मार्च 2020 की अधिसूचना जी.एस.आर. 220 (ई) की वापसी जैसी मांगों को प्रमुखता से रखा गया है।

## वट सावित्री व्रत पर दिखी आस्था की भव्य तस्वीर

भिलाई (दावा)। वट सावित्री व्रत के अवसर पर भिलाई समेत प्रदेशभर में आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के साथ निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही मंदिरों, पार्कों और वट वृक्षों के नीचे पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। नई नवेली दुल्हनों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक सभी सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक वेशभूषा में पूजा करने पहुंचीं। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत बांधा और सत्यवान-सावित्री की कथा सुनी। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग सामग्री भी बांटी। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष के नीचे माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस मांगे थे, तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल और शॉर्टेज की खबर से खैरागढ़ जिले में हड़कंप



खैरागढ़ (दावा)। जिले में शुक्रवार 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी और संभावित शॉर्टेज की चर्चाओं के बाद शहर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और बड़ी संख्या में लोग डब्बा व जारकिन लेकर अतिरिक्त ईंधन संग्रह करते नजर आए। नई दरों के अनुसार पेट्रोल 104.34 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.36 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। कीमतों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद लोगों में ईंधन संकट की आशंका बढ़ गई। जिसके चलते दिनभर पंपों पर भारी भीड़ बनी रही। अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पेट्रोल पंपों में स्टॉक तेजी से घटने लगा। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ पेट्रोल पंप में सामान्य पेट्रोल पूरी तरह समाप्त हो गया है जबकि पावर पेट्रोल सीमित मात्रा में उपलब्ध बताया जा रहा है वहीं शहर के प्रमुख पंपों में शामिल रश्मि देवी फ्यूल्स में भी केवल कुछ घंटों का ही स्टॉक शेष रहने की जानकारी सामने आई है। कई पेट्रोल पंप सुबह के बाद बंद भी पड़े रहे।

स्थिति को देखते हुए खैरागढ़ के चोपड़ा फ्यूल के संचालक अमित चोपड़ा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन लेने की अपील की है। वहीं रश्मि देवी फ्यूल के संचालक हरजीत सिंह ने कहा है कि घबराहट में जरूरत से ज्यादा खरीदारी किए जाने से कृत्रिम संकट जैसी स्थिति बन रही है। जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर लगातार खाली हो रहे पेट्रोल पंपों को लेकर आम नागरिक शासन-प्रशासन के दावों पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रदेश में पर्याप्त ईंधन भंडारण उपलब्ध है तो फिर लगातार पेट्रोल पंप ड्राई आउट क्यों हो रहे हैं। खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है तथा ऑयल कंपनियों के माध्यम से लगातार आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लोगों से पैनिक बाइंग से बचने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर भरोसा नहीं करने की अपील की है। हालांकि जमीनी स्तर पर हालात फिलहाल सामान्य नजर नहीं आ रहे हैं। पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार अचानक बढ़ी मांग के कारण आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। समय पर पर्याप्त सप्लाई नहीं पहुंचने की स्थिति में आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

**0 पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें, कई पंपों में स्टॉक खत्म**
**0 डब्बा और जारकिन लेकर ईंधन भराने पहुंचे लोग**
**0 पंप संचालकों ने अफवाहों से बचने और जरूरतभर खरीददारी की अपील की**

# पहला कॉलम...

## केंद्र सरकार ने पीएमएवाई-जी योजना के तहत महाराष्ट्र के लिए 8,368 करोड़ रुपए जारी किए

मुंबई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह÷ में 5 लाख पूर्ण ग्रामीण आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपीं, और महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जयकुमार गोरे, पर्यटन, खननकर्म एवं माजी सैनिक कल्याण मंत्री तथा सतारा के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, मदद एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री योगेश कदम, तथा स्थानीय सांसद श्रीमंत छत्रपति उदयनराजे भोसले उपस्थित थे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि देश में कोई भी गरीब कच्चे मकान में न रहे और प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक पक्की छत मिले। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने पीएमएवाई-जी के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए रिकॉर्ड समय में 5 लाख आवास पूर्ण कर सुशासन, संवेदनशीलता और परिणामोन्मुख प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने महाराष्ट्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 हेतु 8,368.50 करोड़ रु. की केंद्रीय अंश सहायता जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य में ग्रामीण गरीबों के आवास निर्माण अभियान को और तेज करेगी तथा बेघर-मुक्त ग्रामीण महाराष्ट्र के संकल्प को मजबूत आधार देगी।

## आजम खान की फिर बढ़ीं मुश्किलें, कोर्ट ने सुनाई 2 साल की सजा

रामपुर। यूपी से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सीनियर नेता आजम खान की मुश्किलें फिर से बढ़ गई हैं। आजम खान को कोर्ट ने 2 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

आजम खान के 7 साल पुराने विवादित बयान पर कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। ये बयान आजम खान ने 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिया था। आजम ने ये बयान अधिकारियों को लेकर दिया था, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। आजम खान ने तत्कालीन डीएम सहित जिले के अधिकारियों को लेकर जनता से कहा था, ÷डटे रहो, ये कलेक्टर पलेक्टर से मत डरना। ये तनखइया हैं, तनखइयों से नहीं डरते। देखे हैं मायावती जी के फोटो, कैसे बड़े-बड़े अफसर रुमाल निकालकर जूते साफ कर रहे हैं। उन्हीं से है गठबंधन, उन्हीं के जूते साफ करवाऊंगा इनसे अगर अल्लाह ने चाहा।

आजम के इस बयान को लेकर चुनाव आचार संहिता में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई। बता दें कि आजम खान रामपुर जेल में बंद हैं। अप्रैल में भी आजम खान को बड़ा झटका लगा था। रामपुर की सेशन कोर्ट ने 20 अप्रैल 2026 को सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान की अपील खारिज कर दी है और कहा कि सजा बरकरार रहेगी। बता दें कि 2019 में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान पर दो अलग-अलग पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगा था। इस मामले में नवंबर 2025 में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों को दोषी ठहराया था और दोनों को सात-सात साल के कारावास की सजा मिली थी। इस दौरान दोनों पर जुर्माना भी लगाया गया था।

## इनकम टैक्स ने जारी की एक्सेल यूटिलिटीज

नई दिल्ली। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर वित्त वर्ष 2025-26 (असेसमेंट ईयर 2026-27) के आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज को जारी कर दिया गया है। इससे आईटीआर फाइलिंग की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा कि करदाता आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज और ऑनलाइन फाइलिंग ऑप्शंस अब एक्सेस कर सकते हैं।

इसके साथ ही ऑफलाइन यूटिलिटीज का भी ऐलान किया है। इससे करदाता ऑफलाइन फॉर्म को भर सकते हैं और जेएसओएन फाइल को जनरेट कर वेरिफिकेशन के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ई-फाइलिंग पोर्ट्ल पर अपलोड कर सकते हैं। नॉन-ऑडिट करदाताओं के रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। वर्तमान में, आय की प्रकृति और करदाता श्रेणी के आधार पर सात अलग-अलग आईटीआर फॉर्म उपलब्ध हैं।

आईटीआर-1, जिसे सहज के नाम से जाना जाता है, उन निवासी व्यक्तियों के लिए है, जिनकी वार्षिक आय 50 लाख रुपए तक है। आईटीआर-4, जिसे सुगम के नाम से जाना जाता है , उन निवासी व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) और एलएलपी को छोड़कर अन्य फर्मों पर लागू होता है जिनकी वार्षिक आय 50 लाख रुपए तक है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने थाईलैंड ओपन में दिखाया कमाल, फाइनल में पक्की की जगह



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का इस बार थाईलैंड ओपन 2026 में शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, जिसमें उन्होंने सेमीफाइनल में मलेशिया की जोड़ी को मात देने के साथ फाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

थाईलैंड ओपन 2026 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय स्टार पुरुष जोड़ी का इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने के काफी करीब पहुंच गए हैं। पिछली बार सात्विक और चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल में अपनी जगह बनाने से चूक गए थे, लेकिन इस बार पहुंचने के साथ उनके पास तीसरी बार इस खिताब को जीतने का मौका है। पुरुष युगल में सात्विक-चिराग का सेमीफाइनल मुकाबले में सामना मलेशिया की जोड़ी से हुआ जिसमें उन्होंने तीन सेटों तक चले इस रोमांचक मैच को 2-1 के अंतर से अपने नाम किया और फाइनल मैच का टिकट हासिल कर लिया जहां पर अब उनका सामना इंडोनेशिया की जोड़ी से होगा। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग का सामना थाईलैंड ओपन 2026 के सेमीफाइनल में सामना 9वें रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन से था। इस मैच के पहले सेट में मलेशियाई जोड़ी का दबदबा देखने को मिला जिसमें उन्होंने 21-19 के अंतर से जीत हासिल की और मैच में 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद दूसरे सेट से सात्विक - चिराग ने अपने दबदबे का एहसास करना के साथ 22-20 के अंतर से जीत हासिल करने के साथ मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

अब सभी का ध्यान इस मुकाबले के तीसरे और निर्णायक सेट पर था। सात्विक और चिराग ने जीत की लय को बरकरार रखने के साथ मलेशिया की जोड़ी को वापसी का कोई मौका ना देते हुए 21-16 के अंतर से जीत हासिल की और इस मुकाबले का अंत 82वें मिनट में करने के साथ फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने थाईलैंड ओपन का खिताब इससे पहले साल 2019 और 2024 में अपने नाम किया था, जिसमें अब वह तीसरी बार इसे जीतने के करीब पहुंच चुके हैं।

## पाकिस्तानी गेंदबाज के साथ हुआ डरावना हादसा, सिर में लगी गंभीर चोट, स्ट्रेचर पर गए बाहर

नई दिल्ली। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली को सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गंभीर चोट लगी है। हसन अली की ये चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया।



हसन अली का चोटिल होना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। वह टीम के मुख्य गेंदबाजों में शुमार हैं। वैसे भी पहला टेस्ट मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम दबाव में है और ऐसे में अगर उसका मुख्य गेंदबाज चोटिल होता है या कोई और खिलाड़ी चोटिल होता है तो परेशानी बढ़ेगी ही।

पाकिस्तानी टीम इस मैच में पहले गेंदबाजी कर रही है। पारी का आठवां ओवर चल रहा था। हसन अली के सामने बल्लेबाजी कर रहे थे तंजीद हसन। हसन ने एक छोटी गेंद फेंकी जिसे तंजीद ने डिफेंस किया। गेंद हसन अली के पास से जा रही थी। हसन ने अपने दाईं तरफ डाइव मार कैच लेने की कोशिश की, लेकिन वह कैच नहीं ले पाए और जब जमीन पर गिरे तो उनका सिर बुरी तरह से टकरा गया।

हसन अली के चेहरे पर दर्द साफ देखा जा सकता था। उनकी स्थिति देख फिजियो मैदान पर आए और कुछ देर बाद हसन को स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाते हुए देखा गया।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर ने जड़ा महिला टी20आई का सबसे तेज अर्धशतक, भारतीय बल्लेबाज का टूटा रिकॉर्ड



नईदिल्ली। पाकिस्तान महिला टीम के कप्तान फातिमा सना ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. उन्होंने 15 गेंद में फिफ्टी जड़ कर महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. सना ने ये उपलब्धि कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे ञ्20ढ्ढ मैच के दौरान हासिल की.

इसके साथ 24 साल की सना ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18-18 गेंदों में अपनी फिफ्टी बनाई थी. सना की जबरदस्त पारी से पहले, टी20आई में किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में यह कारनामा किया था.

इसके अलावा सना ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली. उन्होंने 2022 में वारविकशायर के लिए मैरी केली और इसी साल न्यूजीलैंड के सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ओटागो के लिए लॉरा हैरिस की उपलब्धि की बराबरी की.

मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. फातिमा सना सिर्फ 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रहीं. अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए. इसकी बदौलत पाकिस्तान का स्कोर 4 विकेट पर 223 रन तक पहुंच गया. यह महिला टी20आई में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले इसी सीरीज में पाकिस्तान ने 237 रन बनाए थे. जवाब में वेस्टइंडीज की पूरी टीम 17.1 ओवर में ही 90 रनों पर ढेर हो गई. जिसके साथ पाकिस्तान ने मैच को 133 रनों से अपने नाम कर लिया.

## IPL 2026 फाइनल के दौरान भारत आएंगे मोहसिन नकवी?



नई दिल्ली। फाइनल से पहले क्रिकेट जगत में एक नई हलचल शुरू हो गई है। चर्चा इस बात की है कि क्या मोहसिन नकवी भारत आएंगे? यह खबर ऐसे समय पर आई है, जब दोनों देशों के बीच क्रिकेट से जुड़े रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। ICC की अहम बैठकों का आयोजन अहमदाबाद में होना है और इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी PCB के चेयरमैन मोहसिन नकवी की संभावित भारत यात्रा ने भारत-पाक क्रिकेट रिश्तों को लेकर फिर से बहस छेड़ दी है।

दरअसल, ICC की चीफ एग्जीक्यूटिव्स कमेटी यानी) की वर्चुअल बैठक 21 मई को होनी तय है, जिसके बाद 30 और 31 मई को अहमदाबाद में बोर्ड की आमने-सामने बैठकें होंगी। खास बात यह है कि इसी दौरान IPL 2026 का फाइनल भी अहमदाबाद में खेला जाएगा। पहले यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में मार्च-अप्रैल के दौरान आयोजित होनी थी, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण ICC ने इसे भारत में शिफ्ट करने का फैसला लिया।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन होने के नाते मोहसिन नकवी का ICC बोर्ड बैठक में शामिल होना सामान्य बात मानी जा रही थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा राजनीतिक और क्रिकेट संबंधों को देखते हुए उनकी यात्रा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि नकवी को IPL 2026 फाइनल में शामिल होने का आधिकारिक निमंत्रण भी मिला है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है और भारत की ओर से भी इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मोहसिन नकवी सिर्फ PCB चेयरमैन ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान सरकार में मंत्री और एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। यही वजह है कि उनकी संभावित भारत यात्रा को सिर्फ क्रिकेट से जोड़कर नहीं देखा जा रहा।

## मिचेल मार्श तीसरा आईपीएल शतक जड़ने से चूके, बने प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (90) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 11 और चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 21 गेंदों में पूरा किया। उनकी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स को मजबूत शुरुआत मिली और वह तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ी। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



लखनऊ सुपर जायंट्स को 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश (36) की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही 86 रन जोड़ दिए। इसके बाद भी दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी निभाई। इससे पहले मार्श ने 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 38 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्कों से 90 रन बनाकर आउट हुए।

मार्श पावरप्ले के बाद 22 गेंदों पर 56 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके साथ ही वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पावरप्ले में चौथा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस सूची में इंग्लिश (77* बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स, 2026) पहले, मार्श (60* बनाम एमआई, 2025) दूसरे, मार्श (58* बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 2026) तीसरे नंबर पर हैं। इसी तरह वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पावरप्ले में 3 बार 50+ स्कोर बनाने में वाले एकमात्र बल्लेबाज भी है। मार्श का आईपीएल 2026 में अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। वह अब तक 12 मैचों की 12 पारियों में 38.92 की औसत और 162.15 की स्ट्राइक रेट के साथ 467 रन बना चुके हैं।

## शेयर बाजार क्रैश, निवेशकों ने गंवाए 1.67 लाख करोड़



मुंबई। कमजोर वैश्विक बाजार संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के कारण मुनाफावसूली की वजह से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार दिन के उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस तरह, घरेलू बाजार की दो दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला शुक्रवार को समाप्त हो गया। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 160.73 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 पर था, तो वहीं निफ्टी 50 46.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर पहुंच गया। दिन के दौरान, सेंसेक्स 75,497.10 पर खुलकर 75,870.36 का दिन का हाई छुआ तो वहीं 75,139.41 के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गया। जबकि निफ्टी 50 23,731.40 पर खुलकर 23,839.30 के दिन के उच्चतम स्तर और 23,610.30 के निचले स्तर को छुआ। व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.45 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.61 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। वहीं, निफ्टी मीडिया (1.98 प्रतिशत की तेजी) और निफ्टी आईटी (1.30 प्रतिशत की तेजी) में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी फार्मा में भी अच्छी तेजी देखी गई, वहीं निफ्टी ऑटो में मामूली तेजी देखी गई।

निफ्टी50 इंडेक्स में टीएमपीवी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, इंफोसिस, कोल इंडिया, टेक महिंद्रा, कोटक बैंक, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी इंडिया, भारती एयरटेल और विप्रो के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली और ये टॉप गेनर्स में शामिल रहे। वहीं इसके विपरीत, हिंडाल्को, इटरनल, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और एमएंडएम के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान, बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप पिछले सत्र के 462.9 लाख करोड़ रुपए से घटकर 460.5 लाख करोड़ रुपए हो गया, जिससे निवेशकों को एक ही सत्र में 2.4 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

*एनटीए की एक्सपर्ट टीचर ने लीक किया था बायलॉजी....*

अभ्यर्थियों को पुणे स्थित अपने घर पर जुटाया। इसके बाद वहां एक 'स्पेशल कोचिंग क्लास' चलाई गई, जिसमें छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के कई महत्वपूर्ण सवाल समझाए गए, उन्हें नोटबुक में लिखवाया गया और किताबों में टिक करवाया गया।

**हूबहू मैच हुए 3 मई की परीक्षा के सवाल :** केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि मनीषा मंडारे द्वारा अपनी इस स्पेशल क्लास में छात्रों को रटवाए गए अधिकांश सवाल 3 मई 2026 को आयोजित हुई नीट-यूजी परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से हूबहू मेल खाते थे। लीक की पुख्ता कड़ियों को जोड़ते हुए सीबीआई ने पिछले 24 घंटों में देशभर में 6 अलग-अलग ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान कई अहम दस्तावेज, लैपटॉप, संदिग्ध बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी विस्तृत फॉरेंसिक जांच जारी है।

**केमिस्ट्री के बाद बायोलॉजी का मास्टरमाइंड भी अरेस्ट, कुल 9 गिरफ्तारियां :** बायोलॉजी पेपर लीक की मास्टरमाइंड मनीषा मंडारे से पहले सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर निवासी केमिस्ट्री टीचर पीवी कुलकर्णी को भी गिरफ्तार किया था। पीवी कुलकर्णी लातूर के दयानंद कॉलेज में करीब 28 वर्षों तक केमिस्ट्री प्रोफेसर रहे हैं और वे भी एनटीए के साथ कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर केमिस्ट्री एक्सपर्ट के रूप में जुड़े थे। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत पर 12 मई 2026 को दर्ज हुई एफआईआर के बाद से सीबीआई अब तक दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें से 5 मुख्य आरोपियों को अदालत में पेश कर 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि पुणे कोर्ट से गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है।

*जंग खत्म नहीं हुई तो भयावह होंगे हालात : नीदरलैंड में*

व्यवस्था बनाने में जुटे हैं जो भरोसेमंद, पारदर्शी और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार हो और पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत आज बहुत तेजी से बदल रहा है और देश के नागरिकों के सपने और उम्मीदें अब बहुत बड़ी हो गई हैं। यही कारण है कि देश तीव्र गति से प्रगति कर रहा है और भारत की यही प्रगतिशील सोच उसके लोकतंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान कर रही है।

**5 देशों का दौरा और राजनयिक मुलाकातें :** प्रधानमंत्री मोदी 15 मई 2026 को अपने पांच देशों के विदेशी दौरे के दूसरे चरण के तहत नीदरलैंड पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका भव्य और औपचारिक स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में नीदरलैंड के विदेश मंत्री टॉम बेरेन्डसेन, रियर एडमिरल लुडगर ब्रुम्मेलार और नीदरलैंड में भारत के राजदूत कुमार तुहिन शामिल थे। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेट्टेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस उच्च स्तरीय बैठक में व्यापार, उन्नत तकनीक, रक्षा सहयोग और ग्रीन एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर गहन चर्चा होने की उम्मीद है।

**भारत-नीदरलैंड संबंधों का नया अध्याय :** प्रधानमंत्री मोदी की यह दूसरी नीदरलैंड यात्रा है, इससे पहले उन्होंने 2017 में इस देश का दौरा किया था। पिछले 6 वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नई गहराई आई है। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों और जानकारी के अनुसार, पहले दोनों देशों का सहयोग मुख्य रूप से जल प्रबंधन, कृषि, निवेश और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित था और लेकिन अब यह साझेदारी तकनीक, नवाचार (इनोवेशन), सेमीकंडक्टर, रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा और रिन्युएबल एनर्जी जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों तक फैल गई है। यह दौरा न केवल व्यापारिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी दोनों देशों के लिए मील का पत्थर साबित होने वाला है।

*'कॉकरोच' वाले बयान पर सीजेआई सूर्याकांत की....*

सीजेआई ने कहा था कि अदालत इस बात पर गंभीरता से विचार कर रही है कि कई वकीलों की डिग्रियों की प्रामाणिकता की जांच सीबीआई से कराई जाए, क्योंकि कई डिग्रियों पर बड़े सवाल हैं। उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) पर भी तंज कसा था कि वे वोटों की राजनीति के कारण ऐसे तत्वों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करते हैं। विवाद पर विराम लगाते हुए चीफ जस्टिस ने देश के युवाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें भारत के युवाओं पर पूरा गर्व है और वे उन्हें विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत और स्तंभ के रूप में देखते हैं। उन्होंने आगे जोड़ा कि वह न सिर्फ देश की वर्तमान और भविष्य की मानव संसाधन क्षमता पर गर्व करते हैं, बल्कि भारत का हर युवा उन्हें खुद आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

*कांग्रेस जिला अध्यक्षों की 'संगठन पाठशाला' 21 से 30....*

मंडल और जिला स्तर पर समर्पित कार्यकर्ताओं को पद देकर जवाबदेही तय करना है। यह अभियान 14 से अधिक राज्यों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और 2026 तक संगठन को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसी के तहत 10 फरवरी 2026 को दिल्ली में छत्तीसगढ़ सहित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु समेत कई राज्यों में नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की एक दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यह अभियान का पहला चरण है। दूसरे चरण के तहत अलग-अलग राज्यों में दस-10 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

*चांदी को लेकर सरकार का बड़ा फैसला, इंपोर्ट....*

अप्रैल महीने में भारत का सोना आयात करीब 82 प्रतिशत बढ़कर 5.62 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं चांदी का आयात 157 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 41.1 करोड़ डॉलर हो गया। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें तो सोने का आयात मूल्य के हिसाब से रिकॉर्ड 71.98 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। हालांकि मात्रा के लिहाज से इसमें थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ चांदी के आयात में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। पिछले वित्त वर्ष में चांदी का आयात करीब 150 प्रतिशत बढ़ गया।

*छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला : मंत्रियों के....*

**दफ्तरों में बिजली की बचत :** कार्यालयीन समय (वर्किंग ऑवर्स) के बाद सभी विद्युत उपकरणों जैसे लाइट, पंखे, एसी और कम्प्यूटर को अनिवार्य रूप से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि ऊर्जा की बर्बादी रोकी जा सके। ई-ऑफिस और डिजिटल कार्यप्रणाली- बैठकों में प्रिंटेड पेपर या बुकलेट्स की जगह इलेक्ट्रॉनिक फाइलों (पीडीएफ) का उपयोग होगा। कागज़ और स्टेशनरी का खर्च बचाने के लिए शासकीय पत्राचार और नस्तियों (फाईल) का संचालन अनिवार्य रूप से ई-आफिस के माध्यम से किया जाएगा। फिजिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करने के स्थान पर अब 'द्बत्रह्रञ्ज कर्मयोगी पोर्टल' का अधिकतम उपयोग किया जाएगा, ताकि प्रशिक्षणों पर होने वाला भौतिक खर्च न्यूनतम किया जा सके। शासन ने इस आदेश की प्रतिलिपि राज्यपाल के सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, विधानसभा सचिवालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल समेत सभी संभागीय आयुक्तों, विभागाध्यक्षों और जिला कलेक्टरों को भेजकर इसे कड़ाई से अमल में लाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही वित्त विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी इसे अपलोड कर दिया गया है।

*अरुणदेव बने पूर्णकालिक डीजीपी : साय सरकार*

इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिये अपने बड़े भाई के पास प्रयागराज आ गए। राजकीय इंटर कॉलेज इलाहाबाद से दसवीं और बारहवीं की शिक्षा ली। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एडमिशन लिया। वहां से बीए और राजनीति में एमए किया। इसके बाद जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय कानून में एमफिल की डिग्री ली। फिर पीएचडी की। यूपीएससी परीक्षा में पहली बार असफल होने के बाद दूसरे प्रयास में आईपीएस ऑफिसर बने।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 19 मई को बस्तर में आयोजित होगी मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उच्च स्तरीय बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर में आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। यह महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा परिषद की बैठक में उठाए जाने वाले विभिन्न विषयों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देश दिए कि आयोजन की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएं गंभीरता एवं समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह परिषद देश की ऐसी क्षेत्रीय परिषद है जहां सदस्य राज्यों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं है, जो आपसी सहयोग और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ''मजबूत राज्य ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं'' और इसी भावना के साथ क्षेत्रीय परिषदें विकास, प्रशासनिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इन परिषदों ने राज्यों के बीच स्वस्थ कहा कि क्षेत्रीय परिषदें राज्यों तथा केंद्र और राज्यों के बीच विभिन्न विषयों पर संवाद, सहयोग और समन्वय को मजबूत करने का प्रभावी मंच बन चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने सहयोग और विकासोन्मुखी सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर में इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि बस्तर में शांति स्थापना के बाद इस स्तर की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन यह दर्शाता है कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास और नई संभावनाओं को लेकर पूरी तरह संकल्पित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन से क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है तथा अब बस्तर विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इंद्रावती की गोद से बस्तर विकास की नई गाथा लिखेगा और मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह बैठक क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी।

# राजनांदगांव में 'सिंधू खेल महोत्सव' का भव्य शुभारंभ



खेल भावना के साथ मैदान में उतरे खिलाड़ी

राजनांदगांव(दावा)। पूज्य सिंधी पंचायत, हेमू कल्याणी नगर के तत्वावधान में राजय किड्स स्कूल मैदान पर 'सिंधू खेल महोत्सव' का भव्य शुभारंभ हुआ। 14 मई से शुरू हुआ यह खेल महोत्सव आगामी 21 मई तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के आचार्य आशीष महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ की गई। इसके पश्चात वरिष्ठ सलाहकारों–आवतराम तेजवानी, घनश्याम दास गंगवानी, गुरमुख दास वाधवा, ब्रह्मानंद बजाज, राजा माखीजा, रूपलाल राजवानी और अर्जुन वाघवानी ने दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### हार-जीत से ऊपर उठकर खेलें - मंशाराम मोटलानी

उद्घाटन सत्र के दौरान पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मंशाराम मोटलानी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत मायने नहीं रखती, बल्कि खेल के प्रति समर्पण और आपसी सद्भावना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से खेल भावना को बनाए रखने की अपील की।

पंकज जेठानी और नितिन बत्रा ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान होने वाले मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'मैन ऑफ द मैच' और विजेता टीमों को नकद पुरस्कार व शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

### पहले दिन क्रिकेट मैचों के नतीजे

महोत्सव के पहले दिन 14 मई को कुल पांच क्रिकेट मैच खेले गए, जिनमें कड़े मुकाबले देखने को मिले। मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे :- प्रथम मैच : सिंधु वारियर्स ने जीत दर्ज की। द्वितीय मैच : सिंधु सनातन की टीम विजयी रही। तृतीय मैच : झुलेलाल सुपरकिंग ने बाजी मारी। चतुर्थ मैच : हिंगलाज शक्ति पीठ की टीम विजेता बनी। जूनियर वर्गः जूनियर वर्ग के मुकाबले में सदानी इलेवन की टीम ने शानदार जीत हासिल की।

### क्रिकेट के साथ शतरंज और वॉलीबॉल का भी रोमांच

पूज्य पंचायत के महासचिव हरीश मोटलानी ने जानकारी दी कि इस सात दिवसीय खेल महोत्सव में केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि शतरंज, वॉलीबॉल और कैरम जैसे कई अन्य खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इसमें हिस्सा ले सकें। उपाध्यक्ष चंदन रूचंदानी और अर्जुन गंगवानी ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए पूरी टीम मुस्तैद है। इस अवसर पर रमेश गंगवानी, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, दौलतराम चंदानी, रमेश गिडवानी, गोवर्धन ललवानी, मनोहर बजाज, विजय परचानी सहित युवा विंग से कौशल शर्मा व कमल गंगवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था नरेश मोटलानी, हरीश सोनी, कमलेश वाघवा और जसबीर कंजवानी द्वारा संभाली जा रही है। उद्घाटन के अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# वर्षाकाल के पूर्व रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्यता भवनों में निर्माण नहीं होने पर निगम से नहीं मिलेगी भवन अनुज्ञा

राजनांदगांव (दावा)। भू-जल स्तर बढ़ाने एंव वर्षा का पानी भूमि में जाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ससक्त माध्यम है। अतः वर्तमान परिस्थितियों में भू-जल संकट तथा आने वाले भविष्य में पानी की समस्या को ध्यान में रखकर भू-जल को सवंर्धन करने की दिशा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है।

इस संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि आज शहर एवं गांव में तेजी से विकास हो रहा है, भवनो व कालोनियो के विस्तार के कारण पेड़ों की कटाई एवं सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नही पहुँच पाता, जिससे भू-गर्भ में जल की कमी हो गयी है, जिससे नदी तालाब, कुँआ, हैण्ड पंप का जल स्तर कम हो रहा है, जिस कारण पानी की किल्लत बढते जा रही है। भू-गर्भ मे जल स्तर बढ़ाने घरो व भवनो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगानी चाहिए। प्रायः यह देखा जा रहा है कि भवन निर्माण के लिए नगर निगम से भवन अनुज्ञा तो प्रदान कर ली जाती है किन्तु भवन पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने तथा भवन पूर्ण होने की सूचना नहीं दी जाती है, जिससे यह सुनिश्चित नहीं हो पाता कि भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्मित है अथवा नहीं है।

प्रावधान यह है कि भवन निर्माण पूर्ण होने पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 301 में भवन पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र जारी किये जाने तथा अधिवासित करने या उपयोग में लाये जाने भवन पूर्णता सह अधिभोग प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक है। जबकि रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा करायी जाती है और पूर्णता के पहले हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने की जॉच कर पूर्णता दी जाती है। यदि सिस्टम नही लगाया जाता है तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है, नही लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त प्रावधानानुसार तथा भवन अनुज्ञा के शर्तो के तहत् नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा भवन अनुज्ञाधारी को रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सूचना देकर भवन पूर्णता सह अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत कर भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करने 454 भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था तथा जिन लोगों के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की अनिवार्यता है और उनके द्वारा आज पर्यन्त तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण नहीं किया गया, उन भवनों में भवन निर्माण अनुज्ञा प्रकरणों में जमा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अमानत राशि का उपयोग करते हुए नगर निगम द्वारा ई.आई.ओ. जारी कर 02 निजी एजेंसी मेसर्स एल.एस. कन्ट्रक्शन एवं मेसर्स मां बम्लेश्वरी को कार्यदेश जारी कर एजेंसी के माध्यम से निर्माण कराया गया, इन एजेंसी द्वारा 81 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अब तक नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा प्रकरणों के जमा राशि के उपयोग से 831 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया है।

# न्यूनतम मूल वेतन 30 हजार करने अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने दिया सुझाव




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन द्वारा मजदूरी संहिता (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 (प्रारूप) के संबंध में श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को विस्तृत सुझाव प्रेषित किए गए हैं। यह सुझाव छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना के संदर्भ में भेजे गए हैं।

फेडरेशन ने बताया कि राज्य के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मजदूरी नियमों में आवश्यक संशोधन एवं सुधार अत्यंत आवश्यक हैं। संगठन ने कहा कि वर्तमान प्रारूप में कई ऐसे प्रावधान हैं जिनमें संशोधन कर कर्मचारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है। इस नियम से प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत 5 लाख से अधिक कर्मचारी प्रभावित होते है। गोपाल प्रसाद साहू प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की न्यूनतम मूल वेतन कम से कम रु. 30000 निर्धारित करने के परिपेक्ष्य में प्रारूप के नियम 3 मजदूरी की न्युनतम दर की गणना करने के रीति-(1) (घ) आवासीय किराया व्यय जो भोजन और वस्त्र व्यय का 10 प्रतिशत प्रस्तावित किया गया है उसे 30 प्रतिशत करने, (च) बच्चों की शिक्षा का व्यय, चिकित्सा आवश्यकताएं, मनोरंजन और अन्य आकस्मिक व्यय जो न्यूनतम मजदूरी का 25 प्रतिशत होगा। में संचार सुविधा यथा मोबाइल की भी जोड़ने एवं 25 प्रतिशत में वृद्धि कर 35 प्रतिशत करने, नियम 4 मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करने के मापदंड उप नियम (1) (चार) शासकीय क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को जोड़ने, उप नियम (4) में प्रावधानित तकनिकी समिति में कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित करने, अध्याय-तीन मजदूरी का भुगतान में धारा-16 एवं 17 को सम्मिलित करने सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग को सुझाव प्रेषित किया है।

युगल किशोर साहू प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा की न्यूनतम मूल वेतन वर्ष 2017 में पुनरीक्षित किया गया था विभिन्न वर्ग एवं क्षेत्र के अनुसार न्युनतम मूल वेतन 7800 से 10530 था जो अत्यंत कम है। आशीष तनेजा, राजकुमार साहू, राजकुमार सिंह ने कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन का सिद्धांत के अनुरूप शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के समान कार्य के लिए समान वेतन और सुविधाएं प्रदान करने सुझाव दिया गया है।

# राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल यात्रियों को 500 लीटर नि:शुल्क ठंडा मट्ठा (छाछ) वितरण






सेवा बालरत्न मंच सेवा समिति एवं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार द्वारा

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे स्टेशन बना सेवा की मिसाल बाल रत्न मंच सेवा समिति एवं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार के सेवक राहुल अग्रवाल, संदेश जैन, मयंक शर्मा रितेश यादव सौरभ खंडेलवाल योगेश साहू ने बताया कि बाल रत्न मंच सेवा समिति व मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार सदैव सेवा में समर्पित सेवाभाव से अग्रणी भूमिका निभाते हुए सेवा उद्देश्य को शिरोधार कर मानव सेवा माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए संस्था के अग्रणी सेवक महेश शर्मा लोकेश अग्रवाल के लगन सिल सेवा भाव सेवक संस्कारधानी राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में रेल यात्रियों को भीषण गर्मी की चिलचिलाती गर्मी में राहत दिलाने के उद्देश्य से 500 लीटर 3500 गिलाश निशुल्क ठंडा मट्ठा (छाछ) वितरण सेवा एकादशी के शुभ अवसर पर दिनांक 13 मई 2026 दिन बुधवार समय प्रातः 11:30 संध्या 4:30 बजे तक सेवा कार्य अनवरत जारी रही इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन द्वारा यात्रियों का स्वागत करते हुए मट्ठा छाछ वितरण सेवा में समर्पित सेवाभाव से श्रमदान सेवा की साथ ही सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोज बैद, लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी नगर देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष दयावान देवांगन, विवेक त्रिपाठी, ओम प्रकाश साहू, व रवि शर्मा स्वयंसेवक श्रमदान सेवा कर मट्ठा छाछ वितरण सेवा में उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य की रेल यात्रियों ने जमकर तारीफ की और कहा की रेलयात्रियों की इस तरह सामाजिक समरसता से स्वागत इस चिलचिलाती गर्मी में सेवा का ऐसा भाव संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव की समर्पित सेवा को दर्शाता है इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन का विशेष योगदान रहा।

# विवाह वर्षगांठ पर रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। रिद्धि सिद्धि फेस टू निवासी थंगेश्वर कुमार साहू, व्याख्याता ने अपने 16 वें विवाह वर्षगांठ पर निःस्वार्थ भाव से पांचवीं बार रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया । उन्होंने बताया कि रक्तदान एक मानवता से भरा कार्य है, जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपने रक्त का एक हिस्सा दूसरों की जान बचाने के लिए दान करता है।

यह एक निःस्वार्थ सेवा है जो जीवन दान के रूप में काम करती है।रक्तदान सेवा रोगियों की मदद के साथ साथ यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। रक्त की एक-एक बूंद जो जीवन का संदेश है, जो किसी भलामानुष के काम आ जाए यही मानवता का असली संदेश है। यह रक्तदान शिविर मां कर्मा एवं मां भानेश्वरी जयंती के अवसर पर साहू सदन राजनांदगांव में रखा गया था। इस शिविर में जिला अध्यक्ष भागवत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, यशवंत साहू, परदेशी राम साहू, पूर्णिमा साहू, मदन साहू, नीरा साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू एवं समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों के द्वारा थंगेश्वर कुमार साहू को रक्तदान महादान करने पर हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

# निशक्तजनों और अस्वस्थ लोगों के लिए घर पहुंच सुविधा दे रहे पार्षद सुमित ताम्रकार



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के सभापति सुमित ताम्रकार द्वारा महतारी वन्दन Ekyc के लिए निशक्तजनों एवं अस्वस्थ लोगों के लिए शहरी क्षेत्रों में निःशुल्क ekyc घर पहुंच सुविधा देकर किया जा रहा है वहीं वार्ड की महिला समूह अध्यक्ष ममता बहकर द्वारा वार्ड की महिला समूह की सभी सदस्यों का शिविर लगाकर ekyc कराया गया।

घर पर ई-केवाईसी की सुविधाः यदि कोई हितग्राही शारीरिक रूप से असमर्थ है और केंद्र तक नहीं आ सकता है, तो वे अपने ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय में सूचित कर सकते हैं। वहां से आँगनवाड़ी कार्यकर्ता या पंचायत सचिव आकर घर पर बायोमेट्रिक के माध्यम से ई-केवाईसी (e-KYC) कर सकते हैं।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई शनि जयंती



हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

छुईखदान (दावा)। नगर के बाजार लाइन चौक स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनि जयंती का पर्व श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया जेष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर मे श्रद्धालुओ की भारी भीड़ देखने को मिली नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से भी बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भगवान शनिदेव के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचे मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा।

सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शनिदेव को तिल तेल अर्पित किया तथा पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की मंदिर को आकर्षक फूल मालाओ एवं रंगीन सजावट से सजाया गया था जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर नजर आया भक्तो द्वारा जय शनिदेव के जयकारो से माहौल भक्तिमय बना रहा।

शनि जयंती के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना अभिषेक हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया पंडित सुरेंद्र तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से हवन पूजन संपन्न कराया गया हवन मे श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान शनिदेव से सुख शांति एवं न्याय की प्रार्थना की इसके बाद सामूहिक आरती मे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए शनि मंदिर समिति के सदस्य संजय महोबिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शनि जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कार्यक्रम को सफल बनाने मे मंदिर समिति एवं नगरवासियो का विशेष सहयोग रहा उन्होने बताया कि सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर में दर्शनार्थियो का आना जाना लगातार जारी रहा इस अवसर पर श्रद्धालुओ द्वारा तिल तेल सिंदूर, कुमकुम, काजल, गुलाल एवं नीले-काले रंग के पुष्प भगवान शनिदेव को अर्पित किए गए धार्मिक मान्यता के अनुसार शनि जयंती पर शनिदेव की पूजा करने से जीवन के कष्टों एवं बाधाओं से मुक्ति मिलती है तथा न्याय एवं शुभ फल की प्राप्ति होती है। पूजाअर्चना के पश्चात श्रद्धालुओ के लिए प्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे मे प्रसाद के रूप मे खिचड़ी आलू चना की सब्जी और मठा को बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया आयोजन मे प्रमुख रूप से संजय महोबिया प्रतीका महोबिया शैलेंद्र तिवारी उत्तम महोबिया सोनू महोबिया गोली थवाईत मनोज तिवारी राजा यादव अमित थवाईत यश महोबिया शोभा जैन शिवेंद सिंह महिला पुरुष, युवा एवं बच्चो की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

# महंगाई से त्रस्त जनता पर पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि का हमला, भाजपा सरकार आपदा में अवसर तलाशने में जुटी-महेन्द्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की आम जनता पहले से ही बेकाबू महंगाई से जूझ रही है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री, बिजली, दवाइयों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। ऐसे समय में पेट्रोल-डीजल की किल्लत और उसके बाद एक साथ तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की मूल्य वृद्धि ने जनता की परेशानियों को और गंभीर बना दिया है।

जिला पंचायत सदस्य एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) महेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जनता राहत की उम्मीद कर रही थी, लेकिन सरकार ने संकट की इस घड़ी में भी आम लोगों की जेब पर डाका डालने का काम किया है। यह निर्णय पूरी तरह जनविरोधी और संवेदनहीन है।

महेन्द्र यादव ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर कृषि कार्य, माल भाड़ा और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा।

इसका सबसे अधिक नुकसान किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, कर्मचारियों और मध्यम वर्गीय परिवारों को होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल प्रचार और दिखावे की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असुरक्षा से परेशान है।

सरकार को जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। महेन्द्र यादव ने मांग की कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस ली जाएं और आम जनता को राहत दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन करेगी।

# अवैध मुरूम उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी चोट, ग्राम बीजाभाठा में दबिश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभाठा में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान ग्राम बीजाभाठा में अवैध रूप से मुरूम उत्खनन किया जाना पाया गया। कार्रवाई करते हुए मौके से 1 जेसीबी मशीन एवं 2 हाईवा वाहन जप्त किया गया। जप्त वाहनों को आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना डोंगरगांव के सुपुर्द किया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल : ऑक्सीजोन में जप्त 54 ट्रेक्टर-ट्रॉली रेत को पुनः शिवनाथ नदी में डाला गया

### अवैध भण्डारित रेत हटाकर ऑक्सीजोन का सौन्दर्य किया गया संरक्षित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए आज खनिज विभाग की टीम ने सरपंच ग्राम पंचायत भंवरमारा, वार्ड क्रमांक 51 हरदी के पार्षद तथा ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में ऑक्सीजोन स्थित शिवनाथ नदी तट में अवैध रूप से भण्डारित 54 ट्रेक्टर-ट्रॉली रेत को पुनः शिवनाथ नदी में डाला गया।

ज्ञातव्य है कि खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व ऑक्सीजोन स्थित शिवनाथ नदी क्षेत्र में अवैध रूप से भण्डारित रेत के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान दो ट्रेक्टर-ट्रॉली एवं एक लोडर वाहन जप्त किया गया था। भंवरमारा निवासी अविनाश सोनी द्वारा ऑक्सीजोन स्थित शिवनाथ नदी से खनिज रेत का अवैध उत्खनन कर रेत का अवैध भण्डारण किया गया था। अवैध रूप से भण्डारित लगभग 54 ट्रेक्टर-ट्रॉली रेत को आज पुनः शिवनाथ नदी में डाला गया, जिससे ऑक्सीजोन का प्राकृतिक सौन्दर्य एवं पर्यावरणीय संतुलन बरकरार रखा जा सके। जिला प्रशासन ने कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। साथ ही अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजनांदगांव के स्कूलों के लघु मरम्मत पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से स्वीकृत हुए 23 कार्य



राजनांदगांव (दावा)। के विद्यालयों में कुल 23 लघु मरम्मत और जीर्णोद्धार विकास के कार्यों को राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह के प्रयास से स्वीकृति मिल गई है। जिसमें अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कुल 10 कार्य (रू.5 लाख प्रति कार्य), सुलभ शौचालय निर्माण के कुल 8 कार्य (?5 लाख प्रति कार्य), किचन शेड निर्माण के कुल 3 कार्य (?5 लाख प्रति कार्य) और साइकिल स्टैंड निर्माण के कुल 2 कार्य (रू.5 लाख प्रति कार्य) शामिल थे। 1 करोड़ 15 लाख की लागत से पूर्ण होने वाले इन विकास कार्यों में पनेका, बम्हनी, धनगांव, सोमनी, सुरगी, कुम्हालोरी, बैगाटोला, भोथीपार खुर्द, बिरेझर, भर्रेगांव, मोखला, धर्मापुर, बुचीभरदा, लिटिया, बरगाही, खुटेरी और डिलापहरी के स्कूल शामिल हैं। स्कूलों के मरम्मत कार्य पूर्ण होने से शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और विद्यार्थियों के लिए सुविधाजनक वातावरण निर्मित होगा। राजनांदगांव विधायक, डॉ.रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह ने डीएमएफ मद से इन कार्यों की स्वीकृति मिलने पर कहा कि विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में लघु मरम्मत/जीर्णोद्धार विकास कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों की सुविधा में वृद्धि होगी और इन विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थी बेहतर परिवेश में शिक्षा अर्जित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में चहूँमुखी विकास हो रहा है और सभी वर्ग मुख्यधारा से जुड़कर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर राजनांदगांववासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक, राजनांदगांव डॉ.रमन सिंह का आभार प्रकट किया है।

**स्कूल में 23 आवश्यक कार्यों का डीएमएफ मद से होगा निर्माण, स्कूलों में जीर्णोद्धार कार्य पर राजनांदगांव की जनता ने जताया राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह का आभार**

# चम्पारण तक ट्रेन की मांग, लोहाणा महिला मंडल ने बृजमोहन से की भेंट



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से विभिन्न मांगों को लेकर मुलाकात की। मंडल की अध्यक्ष रेखा बेन रायचुरा ने इस दौरान गुजराती समाज के आराध्य संत जलाराम बापा के मंदिर निर्माण हेतु शासकीय सहयोग प्रदान करने, महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्राकट्य धाम चंपारण तक ट्रेन का परिचालन एवं चम्पारण में महिलाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में पिंक टॉयलेट निर्माण की मांगें रखी। पूरे देश के पुष्टिमार्गीय वैष्णव सम्प्रदाय के लिये यह अनुकरणीय रहेगा। सांसद श्री अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुनकर उचित कार्रवाई व आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष रेखा बेन रायचुरा सहित नेहा माणेक, योगिता पुजारा, नीरु वर्मा आदि शामिल थी।






# चिल्लर संकट : छोटे नोटों और सिक्कों की कमी से व्यापारी व आम जनता परेशान

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ इकाई ने प्रदेशभर में 5, 10 और 20 रुपए के नए नोट एवं सिक्कों की कमी को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र प्रेषित कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

कैट के राष्ट्रीय व्यापार प्रकोष्ठ के अमर परवानी, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैप्टर कैट परमानंद जैन, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, बीसी भरतिया एवं सुनील सिंघी के मार्गदर्शन में यह मांग उठाई गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में स्थित बैंकों में 5,10 एवं 20 रुपए के नए नोट और सिक्के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। जिसके कारण व्यापारियों एवं आम नागरिकों को रोजमर्रा के लेनदेन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कैट ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में 20 करोड़ रुपए मूल्य के सिक्कों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भारतीय रिजर्व बैंक से की है, ताकि बाजार में उत्पन्न चिल्लर संकट को दूर किया जा सके। पत्र में कहा गया है कि बाजार में चिल्लर की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे दुकानदारों एवं ग्राहकों के बीच असुविधा की स्थिति निर्मित हो रही है। छोटे व्यापारियों, फुटकर दुकानदारों, सब्जी विक्रेताओं, परिवहन व्यवसायियों सहित आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कैट ने आरबीआई से आग्रह किया है कि प्रदेश के सभी जिलों में बैंकों के माध्यम से छोटे नोट एवं सिक्कों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिससे व्यापार व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके और आम जनता को राहत मिले।

**कैट ने आरबीआई गवर्नर को पत्र लिखकर की 20 करोड़ रुपये के सिक्के भेजने की मांग**

जिला राजनांदगांव इकाई के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, अमित खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया, अशोक पांडे, सागर चितलंगिया, विकास साहू, सूरज बुद्धदेव, आलोक बिंदल एवं प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि कैट परिवार द्वारा समय-समय पर व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के समक्ष प्रभावी पहल की जाती रही है। व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए यह मांग भी उसी कड़ी का हिस्सा है। पत्र की प्रतिलिपि भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रायपुर तथा इश्यू विभाग नागपुर को भी प्रेषित की गई है। कैट ने उम्मीद जताई है कि रिजर्व बैंक इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा। छोटे नोट और सिक्के आम जनजीवन एवं व्यापारिक गतिविधियों की रीढ़ हैं। इनकी पर्याप्त उपलब्धता से न केवल व्यापार सुगम होता है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलती है। उक्त जानकारी जिला कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# मंडई छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर की वैश्विक पहचान- नीलू शर्मा



गुजराती स्कूल में राजनांदगांव मंडई का रंगारंग शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और व्यापारिक गतिविधियों का संगम राजनांदगांव मंडई एवं व्यापार मेला 2026 का उद्घाटन आज गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा मुख्य अतिथि एवं संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन 15 से 24 मई तक राजनांदगांव के गौरव पथ स्थित हॉकी स्टेडियम के पास गुजराती स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। मंडई में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, झूले, स्थानीय हस्तशिल्प और राष्ट्रीय स्तर की खरीदारी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह आयोजन न केवल व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देगा बल्कि क्षेत्र की जीवंत संस्कृति और परंपरा को भी प्रदर्शित करेगा।

उद्घाटन समारोह में नीलू शर्मा ने कहा कि मंडई और व्यापार मेले जैसे आयोजन छत्तीसगढ़ की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पर्यटन और व्यापार दोनों ही क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं और कलाकारों को अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर आयोजनकर्ता होमन देशमुख (संचालक डी प्रोडक्शन, Alva फाउंडेशन एवं सुश्री प्रीति गोयल (संचालक Ever Grow Health)को बधाई दी गई। उनके प्रयासों से यह आयोजन क्षेत्रीय व्यापारियों, कलाकारों और उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच बन पाया है। मंडई में प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। जिनमें स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही झूले और मनोरंजन की सुविधाएं बच्चों और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

राजनांदगांव मंडई एवं व्यापार मेला 2026 का यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि, व्यापारिक संभावनाओं और पर्यटन विकास का जीवंत उदाहरण है। नीलू शर्मा की सक्रिय भागीदारी और मार्गदर्शन से यह आयोजन और भी प्रभावशाली बन गया है, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास और जनसहभागिता को नई दिशा देगा।

# महिला सशक्तिकरण एवं किसानों का समुचित विकास भाजपा राज में ही होगा - मधुसूदन यादव

### घुमका में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ




राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा के नवगठित घुमका नगर पंचायत में होने वाले चुनाव की तैयारी के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है। इसी परिपेक्ष में आज घुमका मे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में उत्साह से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में डोंगरगढ़ प्रभारी एवं तेलघानी आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, रमेश पटेल, राजेश श्यामकर एवं चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा में 7 साल से कांग्रेस राज कर रही है। जिसमे 5 वर्षों तक उसकी सरकार भी रही। परंतु कांग्रेस से सिर्फ लोगों को बरगलाने का कार्य किया। कांग्रेस शासनकाल के 5 वर्षों में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के विकास को अवरुद्ध कर दिया और चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। जैसे ही विष्णुदेव साय सरकार आई किसानों से 3100 में धान खरीदा गया और महतारी वंदन योजना के तहत सभी महिलाओं को 1000 का सम्मान देकर महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6000 का सम्मान दिया। सभी नेताओं ने कहा कि विगत सात वर्षों से डोंगरगढ़ में कांग्रेस के विधायक एवं सरपंच होने के बाद भी घुमका में करोड़ों रुपए का विकास कार्य विष्णु देव साय सरकार ने किया है। सम्मेलन मे नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के नाम से जानी जाती है और किसानों के साथ साथ महिलाओं को मातृशक्ति के रूप में सम्मान करती है, इसलिए महिला सशक्तिकरण विधेयक लाया गया। जिसे कांग्रेस ने लोकसभा में पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले घोषणा पत्र में कांग्रेस ने महिलाओं को 500 देने का वादा किया था परंतु वह सिर्फ घोषणा ही रही। कांग्रेस जो कहती है वह कभी पूरा नहीं होता। उसकी कोई गारंटी नहीं है, परंतु भारतीय जनता पार्टी के पास मोदी की गारंटी, विष्णु देव साय की गारंटी, डॉ.रमन सिंह की गारंटी है। सम्मेलन में सभी नेताओं ने घुमका के सर्वांगीण विकास के लिए कमल फूल को वोट देने का निवेदन किया।

पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं रामजी भारती ने भी अपने कार्यकाल की उपलब्धियां को साझा किया तथा बताया कि किस तरह से उन्होंने डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री काल में 15 वर्षों तक विकास की गंगा बहाई थी। यहां नया कॉलेज, मैदान, नई सड़कों का जाल बिछाया गया। परंतु पिछले 7 सालों में कांग्रेस ने इस क्षेत्र की अपेक्षा की है।

बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने भी किसानों से जुड़ी हुई खाद, बीज और सरकार के समुचित सहयोग की बातें बताते हुए कहा कि किसानों की चिंता करते हुए भाजपा ने सोसायटियों की संख्या तेजी से बढ़ाई और 3100 रुपए मे धान खरीद कर समय पर राशि स्थानांतरण कर पुरे देश में छत्तीसगढ़ को विशेष स्थान पर पहुंचाया है। सम्मेलन की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य किरण बारले द्वारा भारत माता की वंदना गीत से की गई।

कार्यकर्ता सम्मेलन का सफल संचालन परदेसी सोनबोइर, सावन वर्मा एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री जनक एवं ललित साहू ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में घुमका में भारतीय जनता पार्टी के पुराने सक्रिय कार्यकर्ताओं का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, रामकुमार वर्मा, महेश वर्मा, श्रीमती धनमत वर्मा, केशव जंघेल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, मंडल प्रभारी अमर लालवानी एवं मूलचंद भंसाली, नोमेश वर्मा, नागेश यदु, अश्विनी मुकेश साहू, विनोद बारले एवं 15 वार्डो के भाजपा उम्मीदवार सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आज से महंगाई और केंद्र की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का 4 दिवसीय हल्लाबोल

राजनांदगांव (दावा)। पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामाग्री आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमतों तथा बेतहाशा महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार कांग्रेस चार दिवसीय आंदोलन करने जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि प्रदेश के समस्त जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में 17 मई से चार दिवसीय धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 17 मई को पेट्रोल, डीजल की संकट व दाम बढ़ाये जाने के विरोध में पेट्रोल पम्पों के सामने, बढ़े मूल्यों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर बैनर, स्लोगन एवं तख्ती लेकर प्रदर्शन किया जाएगा एवं पेट्रोल पम्पों में जनता से संवाद एवं चर्चा कर 18 मई को खाद्य तेल एवं राशन सामाग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर किराना बाजारों में प्रदर्शन एवं किराना व्यवसायियो से चर्चा कर, 19 मई सोने की खरीदी पर रोक के आव्हान से सराफा व्यवसाय ठप्प होने व सोने-चांदी के व्यापारियों, कारीगरों एवं कर्मचारियों के रोजी-रोटी की सकट के विरोध में सराफा बाजारों में प्रदर्शन एवं सराफा व्यवसायियों सहित जनता से संवाद एवं चर्चा कर सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करने का निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार 20 मई को सोशल मीडिया पर महंगाई एवं आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर आंदोलन - पेट्रोल, डीजल, सराफा (सोना-चांदी), किराना के महंगाई से संबंधित वीडियो बनाकर फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों में अपना वीडियो अपलोड कर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**पेट्रोल-डीजल, राशन और सोने-चांदी के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में ब्लॉक स्तर तक होगा प्रदर्शन**

केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों कारण देश व प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामाग्री एवं सराफा (सोना-चांदी) की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता का जीवन अत्यंत कठिन बना दिया है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, व्यापारी एवं आम नागरिक आर्थिक संकट का सामना कर रहे है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे है, जिससे जनता में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी आंदोलनों के माध्यम से केंद्र की जनविरोधी नीति का व्यापक विरोध करेगी।

# नगर पंचायत घुमका चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की सूची, फूलमति वर्मा अध्यक्ष पद की प्रत्याशी





**जीत का दावा, चुनावी बिसात बिछी**

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय आम-चुनाव 2026 के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के बाद अब छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी घुमका नगर पंचायत के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुमोदित इस सूची में अध्यक्ष पद के साथ-साथ सभी 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। कांग्रेस आलाकमान ने घुमका नगर पंचायत के अध्यक्ष पद (सामान्य महिला) के लिए फूलमति वर्मा को अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया है। संगठन ने सूची तैयार करते समय कार्यकर्ताओं की सक्रियता, स्थानीय जनाधार और सभी वर्गों के सामाजिक समीकरणों (अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और सामान्य) का विशेष ध्यान रखा है।

कांग्रेस जिला संगठन के पदाधिकारियों ने सूची जारी होने पर हर्ष जताते हुए कहा कि पार्टी ने साफ-सुथरी छवि और जमीन से जुड़े जुझारू कार्यकर्ताओं को मैदान में उतारा है। अध्यक्ष प्रत्याशी सहित सभी 15 वार्डों में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। भाजपा की सूची के बाद कांग्रेस की सूची आने से घुमका का चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है।

### कांग्रेस प्रत्याशियों की वार्डवार सूची

कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवारों की सूची नीचे तालिका में दी जा रही है। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु (सामान्य महिला) फूलमति वर्मा, वार्ड क्रमांक- 1 अपिव महिला योगिता पटेल, वार्ड क्रमांक-2 सामान्य गौरव शर्मा, वार्ड क्रमांक-3 सामान्य कुमार बघेल, वार्ड क्रमांक-4 अपिव कोमल यदु, वार्ड क्रमांक-5 सामान्य पिताम्बर निषाद, वार्ड क्रमांक-6 सामानय रामचन्द्र वर्मा, वार्ड क्रमांक-7 अपिव दानी राम वर्मा, वार्ड क्रमांक-8 अपिव लोचनप्रसाद निर्मलकर, वार्ड क्रमांक-9 अपिव महिला उषा वर्मा, वार्ड क्रमांक-10 सामान्य नम्मू यादव, वार्ड क्रमांक-11 अपिव डिलेश्वर वर्मा, वार्ड क्रमांक-12 सामान्य महिला पुष्पा पटेल, वार्ड क्रमांक-13 सामान्य महिला शबाना खान, वार्ड क्रमांक-14 अजा कमल बंजारे कमल बंजारे, वार्ड क्रमांक-15 सामान्य महिला बबीता वर्मा आदि है।

# सूखे नशे पर सोमनी पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी को धर दबोचा गया




राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में सूखे नशे पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 हजार रुपए कीमत की 700 ग्राम गांजा जब्त की है। थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नशे एवं असामाजिक तत्वो के सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उनके नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम इंदावानी चैक जीई रोड यात्री प्रतिक्षालय के सामने अवैध रूप से बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहे आरोपी प्रवीण साहू पिता खुमान साहू उम्र 22 साल निवासी ग्राम अंजोरा बाबाकुटी चैक अंजोरा, राजनांदगांव पारा को धर दबोचा गया। उसके कब्जे से पुलिस ऊएक बैग में रखे 700 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 35000 रुपए को जप्त किया गया जिस पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com